वर्ष : 34 | अंक : 257 | मुंबई, सोमवार, 24 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## बीएलओ की मौतों पर चिंता

राहुल गांधी ने एक न्यूजपेपर की कटिंग साझा की जिसमें बताया गया कि 19 दिन में छह राज्यों में 16 बीएलओ की मौतें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, "तीन हफ्तों में 16 बीएलओ की जान चली गई। दिल का दौरा, तनाव, आत्महत्याएस-आईआर कोई सुधार नहीं, थोपा गया जुल्म है।' उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने लोगों को अपने नाम तलाशने के लिए 22 साल पुरानी मतदाता सूची के स्कैन किए हुए हजारों पन्ने पलटने पड़ रहे हैं। उनका कहना था कि मकसद स्पष्ट है-सही मतदाता थककर हार जाए और 'वोट चोरी' बिना रोक-टोक जारी रहे।

## भाजपा के लाखों लोग खुलेआम राज्यों में घूम-घूमकर वोट डालते

राहुल गांधी ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा के लाखों लोग खुलेआम अलग-अलग राज्यों में घूम-घूमकर वोट डालते हैं और इस चोरी को छुपाने के लिए सारे सबूत मिटा दिए जाते हैं। भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर खुलेआम वोट चोरी कर रहे हैं। लोकतंत्र की हत्या लाइव चल रही है। इससे पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग के खुद के आंकड़े बता रहे हैं कि 99 .48 प्रतिशत फॉर्म बांट दिए गए हैं, लेकिन असल में कई लोगों को फॉर्म नहीं मिले। बस कंप्यूटर पर डाल दिया कि फॉर्म बांट दिए गए। ये काम बीजेपी के इशारे पर हो रहा है।



- बीएलओ की मौतों पर विपक्ष की गंभीर चिंता
- चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और 'एसआईआर' पर सवाल
- विपक्षी दलों का आरोप-लोकतंत्र पर खतरा बढ़ा

### राहुल गांधी का बीजेपी और चुनाव आयोग पर बड़ा हमला

# एसआईआर सुधार नहीं थोपा गया ज़ुल्म है...

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस ने देशभर में मतदाता सूची के Special Intensive Revision (SIR) के काम में लगे बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की मौत को गंभीर मुद्दा बनाते हुए बीजेपी और चुनाव आयोग पर हमला बोला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचाई गई है। उन्होंने इसे 'थोपा गया जुल्म' करार दिया और आरोप लगाया कि अनावश्यक दबाव और कठिन प्रक्रिया के कारण हुई बीएलओ की मौतों को अनदेखा किया जा रहा है।

### चुनाव आयोग की नीयत पर सवाल

राहुल गांधी ने कहा कि भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, लेकिन चुनाव आयोग आज भी कागजों का जंगल खड़ा करने पर अड़ा है। उन्होंने सुझाव दिया कि सूची को डिजिटल प्रारूप में बनाया जाता, तो नाम तलाशना आसान होता और आयोग पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर सकता था। उन्होंने एसआईआर को सत्ता की रक्षा के लिए लोकतंत्र की बलि देने वाली सोची-समझी चाल बताया।

### खड़गे का हमला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने एसआईआर के जल्दबाजी में किए गए क्रियान्वयन को नोटबंदी और कोविड-19 लॉकडाउन की याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा की 'वोट चोरी' अब जानलेवा रूप ले चुकी है। खड़गे ने X पर लिखा, "मेरी संवेदनाएं हर उस परिवार के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मृतकों की वास्तविक संख्या बताई गई संख्या से कहीं ज्यादा है। इन परिवारों को न्याय कौन दिलाएगा?" उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ा रही है और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है।



### ममता बनर्जी का पक्ष

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी बीएलओ की मौतों का मामला उठाया। नदिया जिले में बीएलओ के रूप में कार्यरत एक महिला शनिवार को अपने घर पर फंदे से लटकी मिली। पुलिस के मुताबिक मृतका काम को लेकर तनावग्रस्त थी। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग से इस प्रक्रिया को रोकने की मांग की है। इस विवाद से स्पष्ट है कि SIR प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों में भारी नाराजगी है और इसे चुनावी सुरक्षा और लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।



# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत को भेजा लेटर

एजेंसी । नई दिल्ली

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत को ऑफिशियल लेटर भेजा है। विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने बताया कि यह पत्र दो दिन पहले नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के माध्यम से भेजा गया था। हालांकि उन्होंने पत्र के विवरण के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग

### ICT का फैसला और आरोप

17 नवंबर को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (ICT) ने 78 वर्षीय शेख हसीना और उस समय के गृहमंत्री असदुज्जमान खान कमाल को मौत की सजा सुनाई। दोनों पर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप था। यह फैसला उनकी गैरमौजूदगी में सुनाया गया। शेख हसीना इस समय भारत में हैं, जबकि कमाल के भी भारत में छिपे होने का अनुमान है।

### भारत की प्रतिक्रिया

इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल के फैसले के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय (MEA) ने कहा कि भारत ने इस फैसले को संज्ञान में लिया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पड़ोसी देश होने के नाते भारत बांग्लादेश की शांति, लोकतंत्र, स्थिरता और समावेशन के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है




### पूर्व कूटनीतिक प्रयास

अंतरिम सरकार ने पिछले साल दिसंबर में भी भारत को शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए कूटनीतिक पत्र भेजा था। भारत ने उस पत्र की प्राप्ति की पुष्टि की थी, लेकिन किसी निर्णय की घोषणा नहीं की थी। इस बार भी बांग्लादेश की ओर से कूटनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं, लेकिन भारत की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम या निर्णय नहीं आया है। इस मामले से बांग्लादेश-भारत संबंध और क्षेत्रीय कूटनीति पर असर पड़ने की संभावना बनी हुई है।



### हिस्टीरिक हिंसा और यूएन रिपोर्ट


शेख हसीना की अवामी लीग की सरकार पिछले साल हुए आंदोलन के बाद 5 अगस्त को गिरा दी गई थी। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच करीब 1,400 लोगों की मौत हुई।

# राष्ट्रपति ट्रंप के न आने से भड़के रामाफोसा

### G-20 में अमेरिका-साउथ अफ्रीका टकराव

एजेंसी । जोहान्सबर्ग

साउथ अफ्रीका में आयोजित 20वीं G-20 शिखर सम्मेलन बिना औपचारिक हैंडओवर के संपन्न हुआ। अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी भी अमेरिकी अधिकारी को गवेल (अध्यक्षता) नहीं सौंपा। अमेरिका की अनुपस्थिति से दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग और प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स ताऊ ने नाराजगी जताई, हालांकि उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापारिक चर्चाएं जारी रहेंगी। शिखर सम्मेलन में अमेरिका के शामिल न होने पर ताऊ ने मीडिया से कहा, 'वैश्विक व्यापार, WTO, औद्योगीकरण, विकास के लिए वित्तपोषण और कर्ज जैसे अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका की आवाज़ नहीं सुनाई दी।' उन्होंने बताया कि अगले महीने से अमेरिका G-20 की अध्यक्षता संभालेगा, और अब जोहान्सबर्ग सम्मेलन के फैसलों पर नजर रखी जाएगी। WTO में सुधार, बहुपक्षीय व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों पर भी ध्यान दिया जाएगा।



### AGOA और अफ्रीका-अमेरिका संबंध

पार्क्स ताऊ ने कहा कि अफ्रीकी विकास और अवसर अधिनियम (AGOA) अभी भी एजेंडे में है। 2000 में लागू इस अधिनियम ने उप-सहारा अफ्रीकी देशों को अमेरिकी बाजार तक शुल्क-मुक्त पहुंच दी। हालांकि, ट्रंप द्वारा लागू किए गए अलग-अलग शुल्कों से इसका असर पड़ा। अमेरिकी कांग्रेस में हाल ही में हुई शटडाउन के कारण निर्णय प्रक्रिया प्रभावित थी, लेकिन अब ताऊ ने कहा कि AGOA के लिए लॉबिंग जारी रहेगी। रामाफोसा ने अफ्रीकी ब्लॉक्स के प्रमुखों को आमंत्रित कर क्रिटिकल मिनरल्स, कर्ज का बोझ और पूंजी लागत जैसे मुद्दों पर ठोस सहमति बनाई।

## ब्रीफ न्यूज़

### विंग कमांडर नमांश स्याल का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**धर्मशाला।** दुबई एयर शो में तेजस विमान क्रैश में शहीद हुए विंग कमांडर नमांश स्याल का रविवार दोपहर उनके पैतृक गांव नगरोटा बगवां में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शहीद का पार्थिव शरीर पहले कांगड़ा के गगल एयरपोर्ट पर लाया गया, जहां एयरफ़ोर्स जवानों और स्थानीय लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कैबिनेट रैंक नेता आरएस बाली, उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया और खेल मंत्री यादविंद्र गोमा सहित अन्य नेता भी मौजूद थे। एयरफ़ोर्स के जवानों ने पूरे सैन्य प्रोटोकॉल के साथ पार्थिव देह को अंतिम संस्कार स्थल तक पहुंचाया। जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर शहीद को अंतिम सलामी दी। नमांश स्याल मूल रूप से कांगड़ा जिले के पटियालकर पंचायत के रहने वाले थे।

### धर्म और मानवता की रक्षा के प्रतीक है गुरु तेग बहादुर : मुख्यमंत्री

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज श्री आनंदपुर साहिब में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने आस्था, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने केवल सिख धर्म के लिए ही नहीं, बल्कि सभी धर्म और हर पंथ के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। अत्याचार के खिलाफ उनका अडिग साहस आज भी हमें प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएं हमें आपसी सम्मान, भाईचारे और सहिष्णुता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु जी का जीवन 'विविधता में एकता' और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला प्रकाश स्तंभ है।

# मौलाना मदनी के बयान पर BJP का पलटवार मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप

एजेंसी । नई दिल्ली

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के हालिया बयान ने सियासी गलियारों में विवाद खड़ा कर दिया है। मदनी ने दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत का मुसलमान अब 'अपाहिज' हो गया है और सिस्टम उसे कुचल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि लंदन और न्यूयॉर्क में तो मुसलमान मेयर बन सकते हैं, लेकिन भारत में यूनिवर्सिटी का चांसलर बनना उनके लिए सपना ही रह गया है।



### BJP का कड़ा पलटवार

दिल्ली ब्लास्ट की जांच के बीच आए इस बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा नेता मोहसिन रजा ने कहा कि मदनी और उनका परिवार मुसलमानों को गुमराह कर अपने फायदे के लिए काम करते रहे हैं और समाज के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। भाजपा नेता यासिर जिलानी ने कहा कि भारत मुसलमानों के लिए दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह है और यहां हिंदू हमेशा उनके 'बड़े भाई' की तरह साथ खड़े रहते हैं।

### मदनी ने न्याय प्रणाली पर उठाए सवाल

मौलाना मदनी ने मुफ्ती किफायतुल्लाह देहलवी की याद में आयोजित सेमिनार में कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी मुसलमानों को आगे बढ़ने नहीं दिया जा रहा। उन्होंने सपा नेता आजम खान और अल-फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी का उदाहरण देते हुए बताया कि अगर कोई मुसलमान आगे बढ़ने की कोशिश करता है, तो उसे जेल में डाल दिया जाता है। मदनी ने न्याय प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना आरोप साबित हुए लोग लंबे समय तक जेलों में हैं और उनके पैरों के नीचे से जमीन खींची जा रही है।

# SIR के डर से बॉर्डर पर बांग्लादेशियों की भीड़, रिवर्स माइग्रेशन या पुशबैक?

### हकीमपुर बॉर्डर पर हालात



एजेंसी । हकीमपुर

SIR (Special Intensive Revision) प्रक्रिया के शुरू होने के बाद हकीमपुर बॉर्डर पर बांग्लादेशियों की बड़ी भीड़ देखी जा रही है। पुरुष, महिलाएं और बच्चे अपने सामान के साथ बीएसएफ से गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें वापस बांग्लादेश भेजा जाए। कई परिवारों के साथ बकरियां और घरेलू सामान भी हैं।

### भीड़ का कारण और SIR का असर

स्थानीय लोग और बीएसएफ अधिकारी इसे 'रिवर्स माइग्रेशन' कह रहे हैं, जबकि कुछ इसे 'पुशबैक' मानते हैं। SIR के तहत पुराने दस्तावेजों की जांच शुरू होने के बाद अवैध रूप से भारत में रहने वाले कई लोग दहशत में हैं। उनके पास आधार, राशन कार्ड या वोटर आईडी जैसी डॉक्यूमेंट्स हैं, लेकिन पुराने रिकॉर्ड में नाम नहीं होने के कारण वे वापस जाना चाहते हैं। स्वरूपनगर इलाका मवेशी, सोने और ड्रग्स की तस्करी तथा गैर-कानूनी घुसपैठ के लिए कुख्यात रहा है।

# G20 समिट में पीएम मोदी के आतंकवाद-विरोधी सुझाव



एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को G20 समिट के दौरान IBSA (भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका) नेताओं के साथ बैठक कर आतंकवाद पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौती से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुटता आवश्यक है और किसी भी प्रकार के दोहरे मानक की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। पीएम मोदी ने तीनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करने का भी सुझाव दिया।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत

पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि वर्तमान वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकताओं को पूरी तरह दर्शाने में असफल हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि IBSA को इस मुद्दे पर एकजुट संदेश देना चाहिए। उन्होंने IBSA को तीन महाद्वीपों और प्रमुख लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने वाला प्लेटफॉर्म बताते हुए इसे सहयोग और मानवता का संदेश देने वाला मंच बताया।

### डिजिटल और जलवायु पहल में IBSA की भूमिका

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि IBSA डिजिटल इनोवेशन अलायंस और IBSA फंड फॉर क्लाइमेट-रेसिलिएंट एग्रीकल्चर जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं और महिला नेतृत्व वाली तकनीकी पहलों को साझा कर वैश्विक दक्षिण के लिए समाधान तैयार कर सकता है। यह तीनों लोकतांत्रिक देशों की जिम्मेदारी और ताकत है।

### राजनाथ सिंह के विवादित बयान से बढ़ा हलचल

# 'सिंध भारत में वापस आ सकता है'

एजेंसी । नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दिल्ली में आयोजित 'सिंधी समाज सम्मेलन' में कहा कि भले ही आज सिंध पाकिस्तान का हिस्सा है, लेकिन सभ्यतागत दृष्टि से सिंध हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहेगा और भविष्य में सीमाएं बदल सकती हैं। उन्होंने कहा, 'कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए।' राजनाथ सिंह ने सम्मेलन में कहा कि वर्तमान पाकिस्तान का सिंध राज्य सिंधी समुदाय का मूल स्थान है और यह सिंधु घाटी सभ्यता का उद्गम स्थल भी है। उन्होंने वरिष्ठ BJP नेता लाल कृष्ण आडवाणी का हवाला देते हुए कहा कि विभाजन के दशकों बाद भी सिंधी हिंदू इस क्षेत्र के साथ भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'सिंध के लोग आज जहां भी रहते हों, वे हमेशा हमारे अपने हैं।'

### CAA का बचाव करते हुए बोले मंत्री

सिंधी समाज सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने नागरिकता संशोधन कानून (CAA) का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों पर वर्षों से अत्याचार हो रहे थे। उन्होंने तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि पीड़ितों को मदद नहीं मिली, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी पीड़ा को समझते हुए CAA लागू किया।


### CAA क्या है

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 उन लोगों को भारतीय नागरिकता का मार्ग प्रदान करता है जो 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए थे। इसमें उन्हें प्रासंगिक आव्रजन कानूनों से छूट दी गई है और यह कानून उनके राहत और सुरक्षा के लिए बनाया गया है। राजनाथ सिंह के बयान से न केवल राजनीतिक हलचल बढ़ी है, बल्कि पाकिस्तान में भी इस पर गहन निगाहें हैं। उनका बयान सीमाओं और ऐतिहासिक अधिकारों के संवेदनशील मुद्दे को छूता है, जिससे दोनों देशों में बहस तेज हो सकती है।



न्यूज़ ब्रीफ

## मनसे ने ठाणे में मतदाता सूची में विसंगतियों का आरोप लगाया



**ठाणे।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने नगर निकाय चुनावों से पहले ठाणे की मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का रविवार को आरोप लगाया। मनसे की ठाणे-पालघर इकाई के प्रमुख अविनाश जाधव ने दावा किया कि मतदाता सूची तैयार करने और आपत्तियां मांगने की प्रक्रिया 'प्रशासनिक पक्षपात' के साथ जल्दबाजी में की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया,'ठाणे में स्वीकृत वार्ड मानचित्र और मतदाता सूचियों में कई हजार मतदाताओं को लेकर बड़ी विसंगतियां हैं। कई मामलों में इमारतों और मतदाताओं को वार्ड की निर्धारित सीमाओं के बाहर दिखाया गया है। कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 16.49 लाख हो गई है, जो लगभग चार लाख की अप्रत्याशित वृद्धि है। इसका मतलब है कि प्रति वार्ड 20–25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।' जाधव ने कहा, 'यह स्पष्ट संकेत है कि निर्वाचन आयोग और स्थानीय प्रशासन कुछ खास हितों के पक्ष में पक्षपातपूर्ण रुख अपना रहे हैं। इस गड़बड़ी पर जवाब मांगने और जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह ठहराने के लिए सोमवार को मनसे ठाणे महानगर पालिका मुख्यालय तक मार्च निकालेगी।'

## असलम शेख का BJP पर पलटवार




**मुंबई।** कांग्रेस विधायक असलम शेख ने मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम और अन्य बीजेपी नेताओं पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ झूठे इल्जाम लगाए जा रहे हैं और वीडियो क्लिप में कहीं भी धमकी देने की बात नहीं है। असलम शेख ने बताया कि उनका बैनर फाड़ा गया और उन्हें गालियां दी गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस पर उनके खिलाफ केस दर्ज करने का दबाव डाला जा रहा है। शेख ने कहा, "यह मुद्दा केवल राजनीतिक खेमों तक सीमित नहीं होना चाहिए, लोगों को भी इसमें रुचि है। झोपड़ियां गिराने वालों में 60 फीसदी हिंदू हैं, फिर बांग्लादेशी रोहिंग्या क्यों निशाना बन रहे हैं।"मालाड-मालवणी इलाके में अवैध निर्माण और बांग्लादेशी मुस्लिमों के बसने के आरोप के बाद बीजेपी के मंत्री मंगलप्रभात लोढा ने शेख के बयान पर आपत्ति जताई थी। लोढा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि शेख ने गरीबों के घर उजाड़ने पर जवाबी धमकी दी। असलम शेख ने पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी उल्टा उन पर आरोप लगा रही है और उन्हें धमका रही है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की उम्मीद जताई और कहा कि लोकतंत्र में इस तरह के झूठे आरोप अस्वीकार्य हैं।

भाईंदर में महिलाओं और बच्चों की योजनाओं में कटौती का आरोप

# 1.40 करोड़ की चुनावी निविदा पर सवाल

**डीबीडी संवाददाता | भाईंदर**

मीरा-भाईंदर मनपा (MBMC) के महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा जारी 1.40 करोड़ रुपये की चुनाव-संबंधी निविदा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता कृष्णा गुप्ता ने आरोप लगाया है कि यह राशि मूल रूप से महिलाओं और बच्चों की कल्याणकारी योजनाओं के लिए तय थी, लेकिन इसे चुनावी व्यवस्थाओं पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे पर मनपा आयुक्त और मुख्य लेखा परीक्षक को लिखित शिकायत देकर तत्काल जांच की मांग की है।



### प्रशासन से मांगे गए जवाब

शिकायत में मनपा से कई सवाल उठाए गए हैं।क्या इस निधि को चुनावी खर्च में इस्तेमाल करने की वैध मंजूरी है? क्या किसी अधिकृत अधिकारी ने लिखित रूप से धन के पुनर्विनियोजन की अनुमति दी? किस नियम–कानून के तहत महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने चुनाव से जुड़ी निविदा जारी की? क्या चुनाव विभाग ने इस राशि की मांग की थी? 1.40 करोड़ की इस निविदा का तत्काल वित्तीय ऑडिट किया जाए। यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। एड. कृष्णा गुप्ता ने कहा कि यह मुद्दा सीधे जनता और कल्याणकारी योजनाओं पर असर डालता है। यदि धन का उपयोग गलत तरीके से किया गया, तो इससे महिलाओं और बच्चों के लिए चल रही योजनाओं को नुकसान होगा। उन्होंने प्रशासन से तत्काल और पारदर्शी कार्रवाई की मांग की है।

### चुनाव की चाय-नाश्ता व्यवस्था महिला-बाल निधि से?

माना जा रहा है कि मनपा चुनाव 2025 की तैयारियों के लिए महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने चाय, कॉफी, नाश्ता और भोजन कंटेनर की सप्लाई के लिए 1.40 करोड़ रुपये की भारी निविदा जारी की है। एड. कृष्णा गुप्ता का कहना है कि यह निधि मूल रूप से महिलाओं और बच्चों की कल्याणकारी योजनाओं के लिए बनाई गई थी और चुनावी कार्य इससे पूरी तरह अलग विषय है।

एड. गुप्ता ने कहा कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग की निधि पोषण कार्यक्रम, सुरक्षा योजनाएँ, स्वास्थ्य सेवाएँ, सहायता योजनाएँ और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए होती है। अगर यह रकम चुनावी खर्च में उपयोग हो रही है, तो यह निधि के उद्देश्य का उल्लंघन है और इससे भविष्य की योजनाओं पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

# भिवंडी में सड़क रुंदीकरण पर बवाल

- मनपा पर 'तानाशाही कार्रवाई' के आरोप
- संघर्ष समिति ने सरकार को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

**भिवंडी।** भिवंडी–निज़ामपुर मनपा की सड़क रुंदीकरण कार्रवाई के विरोध में कल्याण रोड व्यापारी व रहिवाशी संघर्ष समिति और धार्मिक स्थल बचाव समिति ने शनिवार को नगीना मैरिज हॉल में तीखी बैठक की। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व पूर्व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। सभी ने मनपा की कार्रवाई को 'कानून के नाम पर अत्याचार' बताया। समिति ने आरोप लगाया कि अंजूरफाटा से राजीव गांधी चौक तक दुकानों व मकानों को सिर्फ 24 घंटे का नोटिस देकर गिरा दिया गया। न पंचनामा हुआ, न मुआवजा, न पुनर्वसन की योजना। इसे नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया गया।



### 1700 करोड़ में मेट्रो भूमिगत, फिर उसी मार्ग पर तोड़फोड़ क्यों?

समिति ने याद दिलाया कि धार्मिक स्थलों और स्मारकों को बचाने के लिए सरकार ने मेट्रो को भूमिगत करने पर 1700 करोड़ का अतिरिक्त खर्च किया था। अब उसी मार्ग पर तोड़फोड़ को 'जनता को छलने' जैसा कदम बताया गया।म दो माह पहले संघर्ष समिति ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शिकायत की थी, जिसके बाद उन्होंने मार्किंग रोकने का आदेश दिया था। समिति ने आरोप लगाया कि मनपा आयुक्त ने इस आदेश को ही नजरअंदाज कर दिया।

### 'नेताओं के घर 24 घंटे का नोटिस जाए तो क्या लेंगे?'

समिति अध्यक्ष शादाब उस्मानी ने तंज कसते हुए पूछा–क्या मनपा विधायकोंऔर अधिकारियों को भी 24 घंटे का नोटिस दे सकती है? उन्होंने मांग की कि जिनका नुकसान हुआ है, उन्हें 'दुकान के बदले दुकान, मकान के बदले मकान' दिया जाए। पूर्व विधायक अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन, रूपेश महात्रे और डॉ. विजय कांबले ने कार्रवाई को सत्ता का दुरुपयोग बताते हुए संघर्ष समिति का समर्थन किया। संघर्ष समिति ने मनपा आयुक्त को पत्र भेजकर पूरे मामले का स्पष्टीकरण मांगा है।

## अमित ठाकरे ने पुलिस नोटिस स्वीकार की, मनसे कार्यकर्ताओं की बड़ी मौजूदगी



**नवी मुंबई।** मनसे प्रमुख राज ठाकरे के पुत्र अमित ठाकरे ने नवी मुंबई में बिना अनुमति छत्रपति शिवाजी महाराज मेमोरियल का अनावरण करने के मामले में जारी पुलिस नोटिस रविवार को नेरूल पुलिस स्टेशन में जाकर स्वीकार कर ली।

16 नवंबर को इस कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने उन्हें नोटिस भेजी थी। शनिवार को पुलिस उनके घर पहुंची थी, लेकिन अमित घर पर मौजूद नहीं होने के कारण नोटिस नहीं ले पाए थे। उन्होंने बाद में स्पष्ट किया था कि वह स्वयं पुलिस स्टेशन जाकर नोटिस स्वीकार करेंगे।

रविवार को अमित ठाकरे मनसे नेताओं बाला नंदगांवकर, नितिन सरदेसाई, संदीप देशपांडे और यशवंत किलेदार के साथ नेरूल पहुंचे। उनके काफिले में बड़ी संख्या में मनसे कार्यकर्ता शामिल थे। वाशी टोल प्लाजा से लेकर पुलिस स्टेशन तक कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

पुलिस स्टेशन पहुंचने से पहले अमित ने शिवाजी महाराज मेमोरियल पर जाकर अभिवादन भी किया। पुलिस ने उन्हें सीआरपीसी सेक्शन 41(A) के तहत नोटिस दी है, जिसके अनुसार उन्हें जांच में सहयोग करना होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अमित ने नोटिस ले ली है और उन्हें आगे की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे दी गई है। Crowd नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, चार अन्य घायल

**नवी मुंबई।** रायगढ़ जिले के नवी मुंबई में जेएनपीटी–पनवेल रोड पर बीती रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। घायलों का उपचार पनवेल उपजिला अस्पताल में जारी है। पनवेल पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, नेरुल के छह युवक फलासपे स्थित एक होटल में डिनर के लिए जा रहे थे। जैसे ही कार जेएनपीटी–पनवेल रोड पर पंकज पार्किंग के पास पहुंची, तेज रफ्तार कार एक कंटेनर से जा टकराई। हादसे में सभी छह युवक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया।



रविवार सुबह उपचार के दौरान दो युवकों-हितेंद्र पाटिल (22) और श्रीनाथ चंद्रशेखर (22) की मौत हो गई। वहीं, कार चालक हर्ष पाटिल (21) सहित चार घायलों का इलाज चल रहा है। मृतक श्रीनाथ के पिता की शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## राज्यस्तरीय रग्बी स्पर्धा का सेंचुरी रेयॉन हाई स्कूल में भव्य शुभारंभ

**ठाणे।** डायरेक्टरेट ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ सर्विसेज, इंटरनल डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स काउंसिल और ठाणे जिला खेल अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय स्कूल रग्बी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 21 से 23 नवंबर तक सेंचुरी रेयॉन हाई स्कूल में हुआ। प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ 22 नवंबर को उल्हासनगर मनपा की डिप्टी कमिश्नर (स्पोर्ट्स) स्नेहा करपे, सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर संतोष आव्हाड और इंटरनेशनल रग्बी खिलाड़ी सचिन म्हस्कर ने किया। इस दौरान स्कूल के एग्जीक्यूटिव हेड श्रीकांत गोरे, सेंचुरी रेयॉन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मिलिंद भंडारकर, बी.के. बिरला कॉलेज के प्रिंसिपल वाइस चांसलर डॉ. नरेश चंद्रा, स्कूल प्रिंसिपल वंदना बदाने और जिला खेल अधिकारी सुवर्णा बार्टक्के मौजूद रहीं।



प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के आठ डिवीज़नों की कुल 16 टीमों (लड़के व लड़कियां) ने भाग लिया। लड़कियों के वर्ग में लातूर डिवीज़न विजेता बना, जबकि नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 लड़कों में कोल्हापुर डिवीज़न ने पहला स्थान जीता, जबकि लातूर और मुंबई डिवीज़न क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

ठाणे के जिला कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल की पहल पर प्रतियोगिता में शामिल सभी आठ डिवीज़नों के खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैकसूट वितरित किए गए। विजेताओं को पदक के साथ सम्मानस्वरूप स्मार्ट वॉचर्स भी प्रदान की गई।

## ठाणे क्रिकेट विकास को MCA का भरोसा, हर संभव मदद का आश्वासन

**ठाणे।** स्पोर्टिंग क्लब कमेटी के नए ड्रेसिंग रूम, इनडोर क्रिकेट एकेडमी और अंडर-14 सेंटेनरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) के अध्यक्ष अजिंक्य नाईक ने कहा कि ठाणे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटरों की "फैक्ट्री" बनेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि ठाणे में क्रिकेट के विकास के लिए MCA हर जरूरी सहयोग देगा।अजिंक्य नाईक ने स्पोर्टिंग क्लब कमेटी के सचिव और MCA एग्जीक्यूटिव मेंबर विकास रेपाले की नेतृत्व क्षमता और क्लब के तेज विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि MCA की पिछली कमेटी ने तीन सालों में 30 साल जितना काम किया है और स्पोर्टिंग क्लब की नई कमेटी भी उसी गति से आगे बढ़ रही है।

सेंटेनरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण संपन्न



समारोह में MCA सेक्रेटरी डॉ. उन्मेष खानविलकर, विग्नेश कदम, संदीप विचारे, प्रमोद यादव, भरत किनी, कौशिक गोडबोले, अभय हड़प और क्लब के अनेक पदाधिकारी मौजूद थे। अंडर-14 सेंटेनरी कप में यूनियन क्रिकेट अकादमी ने लगातार तीसरी बार खिताब जीता, जबकि यूनाइटेड क्रिकेट क्लब एसोसिएशन उपविजेता रहा। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विकास रेपाले ने बताया कि चुनाव के दौरान किए गए वादे के अनुसार एक महीने के भीतर आधुनिक ड्रेसिंग रूम और इनडोर क्रिकेट अकादमी तैयार कर दी गई है, जिससे ठाणे में क्रिकेट विकास की रफ्तार और बढ़ेगी।

# पालघर में सड़क के गड्ढों ने ली जान

## स्कूटी सवार की मौत, ट्रक को अज्ञात लोगों ने लगाई आग

**डीबीडी संवाददाता | पालघर।**

महाराष्ट्र के पालघर जिले में रविवार सुबह सड़क पर बने बड़े गड्ढों के कारण एक स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गुस्साए अज्ञात लोगों ने एक ट्रक में आग लगा दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और यातायात घंटों बाधित रहा।



### स्थानीय लोगों का आरोप - 'प्रशासन की लापरवाही ने ली जान'

इलाके के लोगों ने खराब सड़कों को हादसे की मुख्य वजह बताया। स्थानीय निवासी बबलू पाल ने कहा 'यह हादसा प्रशासन की सीधी लापरवाही है। गड्ढे अब जानलेवा बन चुके हैं। तुरंत सड़क मरम्मत और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।' पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गड्ढे से बिगड़ा संतुलन, ट्रक के पहियों के नीचे आया स्कूटी सवार

यह घटना नालासोपारा में सुबह करीब 8 बजे हुई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान महेश देसाई के रूप में हुई है, जो एक निजी कंपनी में मैनेजर थे। गंभीर रूप से घायल लवकुश वर्मा को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क पर बने गहरे गड्ढे से स्कूटी का संतुलन बिगड़ा और देसाई पीछे आ रहे ट्रक के नीचे आ गए। ट्रक चालक हादसे के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया।

हादसे के कुछ देर बाद मोटरसाइकिल से पहुंचे कुछ अज्ञात लोगों ने मौके पर खड़े ट्रक में आग लगा दी। आग से आसपास के क्षेत्र में हंगामा मच गया और यातायात पूरी तरह रुक गया। पुलिस और दमकल विभाग के पहुंचने के बाद स्थिति नियंत्रित हुई।

# एक्साइज विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 6.52 लाख की नकली शराब जब्त, तस्कर फरार

**पुणे।** पुणे जिले के दौंड तालुका में स्टेट एक्साइज विभाग ने शुक्रवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 6.52 लाख रुपये मूल्य की नकली शराब जब्त की। वासुंदे-उंडावाड़ी रोड पर शिवाजी महाराज चौक के पास पुल के नीचे खड़ी एक संदिग्ध कार से यह अवैध स्टॉक मिला। तलाशी के दौरान कार चला रहे युवक ने अधिकारियों को धक्का देकर मौके से फरार हो गया।



### संदिग्ध कार पर पेट्रोलिंग के दौरान कार्रवाई

एक्साइज टीम नियमित गश्त पर थी, तभी उन्हें एक स्विफ्ट कार संदिग्ध स्थिति में खड़ी मिली। पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम श्रीनाथ संपत माने, निवासी पिंपलवाड़ी, तालुका फलटण (सतारा) बताया। जैसे ही अधिकारी कार की तलाशी लेने लगे, आरोपी ने अचानक धक्का देकर अंधेरे में भाग लिया। तलाशी के दौरान कार में नकली लेबल लगी भारी मात्रा में शराब मिली। इसमें 192 बोतलें इंपीरियल ब्लू व्हिस्की और 240 बोतलें रॉयल स्टैग व्हिस्की शामिल थीं। शराब की कुल कीमत 6.52 लाख रुपये आंकी गई। टीम ने मौके पर ही कार जब्त करके शराब को कब्जे में ले लिया।

### फरार तस्कर पर केस दर्ज, तलाश जारी

फरार तस्कर और उसके सहयोगियों के खिलाफ महाराष्ट्र प्रोहिबिशन एक्ट 1949 के तहत केस दर्ज किया गया है। सब-इंस्पेक्टर एम.वी. गाडे मामले की जांच कर रहे हैं, जबकि पूरी कार्रवाई इंस्पेक्टर विजय रोकड़े के मार्गदर्शन में की गई। विभाग ने कहा कि टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण नकली शराब की बड़ी तस्करी को रोका जा सका। लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें, ताकि अवैध शराब तस्करी पर सख्ती से रोक लगाई जा सके।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 54 लाख रुपये का मुआवजा

**ठाणे।** मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2018 में ठाणे में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति को 54 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान किए जाने का आदेश दिया। पचपन वर्षीय राजेंद्र दिगंबर जामदार 23 मई, 2018 को ओवला नाका में मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे कि तभी एक ऑटो रिक्शा से बचने का प्रयास करते समय वह मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय, जामदार एक ऑटोमोबाइल डीलरशिप कंपनी में 'सेल्स मैनेजर' थे और उनका मासिक वेतन 41,000 रुपये था। एमएसीटी की सदस्य रुपाली मोहिते ने 20 नवंबर के अपने आदेश में 54,59,930 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया, जिसमें भविष्य की आय के लिए हुए नुकसान की राशि भी शामिल है।



## बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण में दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद संपन्न

**कल्याण।** बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण में आई.सी.एस.एस.आर., दिल्ली, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी, मुंबई और अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 'विद्यानिवास मिश्र एवं गोपालदास नीरज के साहित्य में राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक-सांस्कृतिक बोध' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन यू.जी.सी. के पूर्व उपाध्यक्ष प्रो. डी.के. श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व उपकुलपति प्रो. चितरंजन मिश्र, के.के. बिड़ला फाउंडेशन के निदेशक प्रो. सुरेश ऋतुपर्ण, प्रसिद्ध निबंधकार श्रीराम परिहार, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. शीतला प्रसाद दुबे, प्रो. करुणाशंकर उपाध्याय, प्रो. नरेन्द्र मिश्र सहित कई विद्वान उपस्थित थे।



### परिसंवाद के सत्र और प्रस्तुति

कुल छह सत्रों में विभाजित इस परिसंवाद में देश के अलग–अलग राज्यों से आए साठ से अधिक हिन्दी विद्वानों ने अपने आलेख प्रस्तुत किए।

डॉ. चितरंजन मिश्र ने विद्यानिवास मिश्र के साहित्य में भारतीय परंपरा, लोकसंस्कृति और मानव मूल्यों की निरंतर उपस्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मिश्र जी का लेखन भारतीय जीवनदृष्टि का जीवंत दस्तावेज है, जिसमें भाषा के माध्यम से राष्ट्रीय आत्मा की खोज दिखाई देती है। डॉ. श्रीराम परिहार ने मिश्र जी के निबंधों को भारतीय समाज की आत्मा बताया। उनके अनुसार, गोपालदास नीरज की कविताओं में रोमानी सौंदर्य के साथ गहरी राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरूकता विद्यमान है।

# उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का मैराथन प्रचार दौरा

## अक्कलकोट, मोहोळ और सांगोला में उमड़ा जनसैलाब

## अक्कलकोट में हुआ जोरदार स्वागत

**मुंबई।** नगरपालिका चुनावों के मद्देनजर उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे का प्रचार दौरा अक्कलकोट, मोहोळ और सांगोला में जोरदार रहा। अक्कलकोट में आयोजित सभा में शिंदे ने कहा कि 'हम घर बैठे काम नहीं करते, जनसेवा के लिए सीधे सड़कों पर उतरते हैं।' उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिवसेना हमेशा जनहित के लिए सक्रिय रहती है। विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन महायुती सरकार स्थिर है। शिंदे ने अक्कलकोट को वैश्विक तीर्थक्षेत्र बनाने की योजना का उल्लेख करते हुए 72 करोड़ रुपये के जलापूर्ति प्रोजेक्ट, शहर की बुनियादी सुविधाएं, उद्यान, सड़क और स्वच्छता कार्यों पर चर्चा की। लेक लाडकी, मुफ्त उच्च शिक्षा, मुफ्त एसटी यात्रा और किसान सम्मान योजना जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए नागरिकों ने उत्साहपूर्वक समर्थन दिखाया।

### मोहोळ और सांगोला में प्रचार सभाएँ



मोहोळ में आयोजित सभा में शिंदे ने कहा,'गुंडराष्ट्र को खत्म करना हो तो धनुष्यबाण के अलावा कोई विकल्प नहीं।' शिवसेना की नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार सिद्धी वस्त्रे को भारी समर्थन मिला। उन्होंने मोहोळ के लिए मंजूर 3 हजार करोड़ रुपये के विकास प्रोजेक्ट का जिक्र किया और शहर के विकास कार्यों की जानकारी दी। सांगोला की अंतिम सभा में भारी भीड़ ने चुनावी परिणाम का पूर्वानुमान दिखाया। शिंदे ने कहा, "इस बार धनुष्यबाण के सामने कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। 2 तारीख को मतदान और 3 तारीख को विजयी गुलाल शिवसेना का होगा।'

सभाओं के अंत में शिंदे ने कहा,'मैं आज उपमुख्यमंत्री हूं, लेकिन हमेशा कार्यकर्ता रहूंगा। हर शिवसैनिक घर-घर जाकर विकास पहुंचाए।' इस प्रचार दौरे ने शिवसेना उम्मीदवारों में आत्मविश्वास बढ़ाया और 'अंतिम बटन धनुष्यबाण पर ही' का जनमत स्पष्ट किया। इस दौरे ने नगरपालिका चुनावों में शिवसेना की मजबूती और उम्मीदवारों के प्रति जनता के समर्थन का संदेश दिया।

महायुति में बढ़ता मनमुटाव या बस अफवाह

# शिंदे और फडणवीस के मंच पर दो कुर्सियों का फासला

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच कथित मनमुटाव अब सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी नजर आने लगा है। हुतात्मा स्मारक पर आयोजित एक कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने औपचारिकता के तौर पर अभिवादन किया और तुरंत अलग हो गए। इसके बाद गेटवे ऑफ इंडिया पर दिव्यज फाउंडेशन के कार्यक्रम में शिंदे और फडणवीस दो कुर्सियों की दूरी पर बैठे नजर आए। इस दृश्य ने राज्य के राजनीतिक गलियारे में महायुति सरकार में मतभेद की चर्चाओं को हवा दे दी है। आगामी स्थानीय स्वराज्य चुनावों के मद्देनजर महायुति में शिवसेना (शिंदे गुट) और बीजेपी के बीच तनातनी बढ़ी है। कार्यकर्ताओं के गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर मतभेद की खबरें सामने आई थीं। यहां तक कि नाराज शिवसेना ने मंत्रिमंडल की बैठक बहिष्कार की और उपमुख्यमंत्री शिंदे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिकायत करने पहुंचे। इससे दोनों नेताओं के बीच दूरी और स्पष्ट हो गई है। शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता उदय सामंत, संजय गायकवाड और शहाजी बापू पाटिल ने हाल के दिनों में बीजेपी पर हमले किए हैं, जबकि बीजेपी के प्रदेश सचिव विजय चौधरी ने नंदुरबार में अब शिवसेना के साथ कोई गठबंधन नहीं होने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने गेटवे ऑफ इंडिया कार्यक्रम को लेकर कहा कि नीता और मुकेश अंबानी का सम्मान हो रहा था, इसलिए कुर्सियों का यह फासला था।




हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

# जांच एजेंसी बैंक खाता 'डेबिट फ्रीज' नहीं कर सकती

**नागपुर।** नागपुर हाई कोर्ट ने नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (BNSS) की धारा 106 के तहत स्पष्ट किया है कि किसी भी जांच एजेंसी के पास बैंक खाते को अटैच या 'डेबिट फ्रीज' करने का अधिकार नहीं है। यह फैसला कथित साइबर धोखाधड़ी के मामले में बैंक खाते फ्रीज किए जाने के खिलाफ दायर फौजदारी रिट याचिका पर आया। न्यायमूर्ति अनिल पानसरे और न्यायमूर्ति राज वाकोडे की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में आदेश सुनाते हुए जांच एजेंसी के आदेश को रद्द कर दिया।

याचिकाकर्ता कार्तिक चतुर और अन्य के बैंक खाते कथित धोखाधड़ी की राशि के कारण BNSS की धारा 106 के तहत डेबिट फ्रीज कर दिए गए थे। हाई कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद यह निर्णय लिया कि जांच एजेंसी के पास ऐसे आदेश जारी करने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कई मामलों में बैंक को कोई पत्र ही जारी नहीं किया गया था, फिर भी बैंक ने अपने स्तर पर खाते फ्रीज कर दिए, जिसे कोर्ट ने "रहस्यमय" बताया।

### मुआवजे के लिए निर्देश



कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को यह निर्देश दिया कि वे इस कार्रवाई के लिए उचित कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से मुआवजा मांग सकते हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में केरल हाई कोर्ट के "हेडस्टार ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड बनाम केरल राज्य" मामले का हवाला दिया, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती देने से इनकार कर दिया था।

कोर्ट ने बैंकों को निर्देश दिया कि वे गृह मंत्रालय के तहत इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर द्वारा जारी "सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड्स रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम" के अनुसार ही कार्य करें। बैंक/इंटरमीडियरी केवल विवादित राशि को होल्ड कर सकते हैं, लेकिन बिना सक्षम प्राधिकारी के स्पष्ट आदेश किसी भी खाते को डेबिट फ्रीज नहीं कर सकते।

यह फैसला बैंकिंग और साइबर अपराध जांच में स्पष्ट दिशा निर्देश देता है और नागरिकों के वित्तीय अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

# महाराष्ट्र में ठंड पर लगा ब्रेक


## कई जिलों में बारिश का अलर्ट

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में पिछले दो दिनों से ठंड कम होने लगी है और दिनभर बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में बारिश का अनुकूल माहौल बना हुआ है, खासकर कोंकण और पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ जिलों में। बादल छाए रहने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है और आने वाले दिनों में ठंड कम रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई में सुबह के समय धुंध रहेगी, जबकि दोपहर और शाम तक हल्के बादल छाए रहेंगे। तापमान अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। अगले दिन तापमान और बढ़कर अधिकतम 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

### बारिश की चेतावनी



रायगढ़, ठाणे, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, एक साथ तीन प्रमुख चक्रवाती हवाएं सक्रिय हैं, जिससे कई हिस्सों में भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### छत्रपति संभाजीनगर और अन्य जिलों का मौसम

छत्रपति संभाजीनगर में 23 नवंबर को मौसम शुष्क और आसमान साफ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। बीड, परभणी, हिंगोली, जालना और नांदेड़ में भी इसी प्रकार का मौसम रहेगा।

मौसम विभाग ने चेताया है कि अगले 24 घंटे केरल तट, लक्षद्वीप, कोमोरिन इलाकों और मन्नार की खाड़ी में 35–45 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी, जो बढ़कर 55 किमी/घंटा तक पहुंच सकती हैं। मन्नार की खाड़ी और कोमोरिन इलाके में हवा 40–50 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी, जो बढ़कर 60 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है। मछुआरों को इन क्षेत्रों में जाने से परहेज करने की सलाह दी गई है। राज्य में हाल ही में हुई बारिश और बदलते मौसम के बीच यह अलर्ट यात्रियों और मछुआरों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मुंबई निकाय चुनाव

# कांग्रेस का अकेले लड़ने का फैसला

## शिवसेना (उबठा) में खलबली

## एमवीए में वैचारिक मतभेद उजागर

**मुंबई।** कांग्रेस के बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने के निर्णय ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में खलबली मचा दी है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, कांग्रेस का यह कदम मुख्यतः उत्तर भारतीय और मुस्लिम मतदाताओं को सुरक्षित रखने की चिंता से प्रेरित है, लेकिन इसने शिवसेना (उबठा) और कांग्रेस के बीच वैचारिक मतभेद भी उजागर कर दिए हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबठा) ने कांग्रेस से अपना फैसला बदलने की अपील की है, लेकिन मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ अकेले चुनाव लड़ने पर अडिग हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, शिवसेना (उबठा) को उम्मीद है कि एमवीए के अन्य घटक, खासकर राकांपा, कांग्रेस को मनसे के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए दबाव डालेंगे।



### राकांपा का गठबंधन समर्थन और कांग्रेस में मतभेद

राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र अव्हाड ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पवार से अनुरोध किया है कि एमवीए सहयोगी और भाजपा विरोधी दल मुंबई नगर निकाय चुनाव एक साथ लड़ें। हालांकि, कांग्रेस में मनसे के साथ गठबंधन को लेकर दो राय हैं। कुछ नेता मानते हैं कि राज ठाकरे के बदलते राजनीतिक रुख के कारण उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता, जबकि अन्य नेताओं का मानना है कि मुंबई में कांग्रेस की स्थिति मजबूत करने के लिए गठबंधन जरूरी है।

### गठबंधन पर सर्तें और रणनीतिक गणना

कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि गठबंधन का विरोध करने वाले वर्ग का मानना है कि शिवसेना (उबठा) पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तरह सीट बंटवारे में बढ़त बनाए रखना चाहेगी। कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर हाथ मिलाया है, लेकिन हिंदुत्व एजेंडे को छोड़ने की मांग नहीं की। इस राजनीतिक गतिशीलता से एमवीए में सहयोगी दलों के बीच तनाव बढ़ा है और मुंबई निकाय चुनाव में कांग्रेस और शिवसेना (उबठा) के रणनीतिक कदमों पर सभी की नजर टिकी है।


# अंधेरी में रासायनिक गैस की चपेट में आने से एक युवक की मौत

## एक महिला समेत दो अन्य गंभीर बीमार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

अंधेरी के हुसैन भांगरवाड़ी क्षेत्र में स्थित एक दो मंजिला इमारत में केमिकल गैस लीक हो जाने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत दो अन्य लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। दोनों का इलाज होली स्पिरिट अस्पताल में जारी है। मामले की जांच एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवींद्र वानी के अनुसार, इमारत की पहली मंजिल पर एक ज्वेलरी वर्कशॉप संचालित होती है। शनिवार रात इसी वर्कशॉप में काम करते समय अहमद हुसैन (20) गहनों की सफाई के लिए सोडियम सल्फेट को पानी में मिला रहा था। रासायनिक मात्रा अधिक होने से धुआं निकलने लगा, जिसमें खतरनाक गैस मिल गई। गैस सूंघने से उसकी हालत बिगड़ गई और चीखते हुए वह बेहोश हो गया। उसकी चीख सुनकर उसकी बहन सबा शेख (17) और पड़ोसी नौशाद अंसारी (28) मदद के लिए अंदर पहुंचे, लेकिन वे भी धुएं के संपर्क में आने से बेहोश हो गए।



कुछ देर बाद घर लौटे हुसैन के पिता ने तीनों को बेहोश पाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से तीनों को होली स्पिरिट अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अहमद हुसैन को मृत घोषित कर दिया, जबकि सबा और नौशाद की हालत अब भी स्थिर बताई जा रही है। पुलिस इस घटना की विस्तृत जांच कर रही है।

# आईआईटी बॉम्बे के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य कोर्स करना अनिवार्य

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

आईआईटी बॉम्बे ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य कोर्स करना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए मेंटल हेल्थ कोर्स की शुरुआत की गई है। यह 'पास-नो पास' (पीएनपी) श्रेणी का हिस्सा है।

आईआईटी बॉम्बे के निदेशक प्रो. श्रीरेश केदारे के अनुसार इसमें कोई ग्रेड या परीक्षा नहीं होगी। छात्रों को प्रत्येक सेमेस्टर में निर्धारित संख्या में मानसिक वेल-बीइंग वर्कशॉप में उपस्थित होना होगा। आईआईटी बॉम्बे शायद पहला आईआईटी" है जिसने ऐसा कोर्स शुरू किया है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स मानसिक स्वास्थ्य के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर आधारित वर्कशॉप के माध्यम से संचालित होगा। संस्थान पूरे शैक्षणिक वर्ष में कई वर्कशॉप आयोजित करेगा, ताकि छात्र अपनी सुविधा के अनुसार प्रति सेमेस्टर आवश्यक चार वर्कशॉप में हिस्सा ले सकें।



# 'आपली बस' कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## नागपुर में परिवहन व्यवस्था होगी प्रभावित

**नागपुर।** नागपुर महानगर पालिका में 'आपली बस' का संचालन कर रही निजी कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को न्यायसंगत वेतन और निर्धारित लाभ न देने का मामला अब गंभीर रूप ले रहा है। कर्मचारियों की मांगें पूरी न होने पर अब सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है। इससे शहर में बस सेवाओं का संचालन ठप होने की संभावना है।



### नागरिकों को वैकल्पिक व्यवस्था की सलाह

मनपा परिवहन विभाग ने हड़ताल की पुष्टि करते हुए नागरिकों से यात्रा के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं अपनाने की सलाह दी है। सूत्रों के अनुसार, कर्मचारियों का अल्टीमेटम समाप्त होने के बाद हड़ताल का कदम अनिवार्य हो गया है।

राकां के शहर कार्याध्यक्ष श्रीकांत शिवणकर ने आरोप लगाया कि मनपा निजी कंपनियों की मनमानी के चलते कर्मचारियों को नियमित वेतन और अन्य सुविधाएँ उपलब्ध नहीं करवा रही है। संचालन नियमों के अनुसार कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करना मनपा की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान में प्रशासन कंपनियों के हाथ की कठपुतली बन गया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के कुछ कर्मचारी भी केवल कंपनी के हित में काम कर रहे हैं, जिसके कारण कर्मचारी मजबूर होकर हड़ताल पर जाने को विवश हैं।

### हड़ताल के दौरान प्रदर्शन और रैली

राकां कामगार एवं वाहतूक सेल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पूरे विभाग में काम बंद करने का निर्णय लिया है। वहीं, प्रशासन ने अपने कर्मचारियों को हड़ताल में शामिल न होने की सलाह दी है। कर्मचारियों की ओर से सुबह 11:30 बजे मोरभवन बस स्टैंड से बाइक रैली निकाली जाएगी, जबकि दोपहर 2 बजे मनपा आयुक्त कार्यालय में प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस हड़ताल से नागपुर में सार्वजनिक परिवहन पर बड़ा असर पड़ने की संभावना है और शहरवासियों के लिए यात्रा के विकल्प तलाशना जरूरी होगा।

# मंत्री के निजी सहायक की पत्नी ने की आत्महत्या पति पर केस दर्ज




डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में पशुपालन एवं पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे के निजी सहायक अनंत गर्जे की पत्नी ने आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार शाम वर्ली में उनके आवास पर सामने आई।

मृतका गौरी पाल्वे, केईएम अस्पताल में दंत चिकित्सक थीं। जानकारी के अनुसार फरवरी 2025 में उनकी शादी हुई थी। घरेलू विवाद के चलते उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या की।

पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में हत्या की आशंका नहीं दिखी, लेकिन विवाद की पुष्टि के बाद अनंत गर्जे के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 85, 352 और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# निवेश के नाम पर 4 करोड़ ठगने में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई की ट्रॉम्बे थाना पुलिस ने 4 करोड़ रुपये की ठगी मामले में रविवार को चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इन चारों पर शेयर बाजार में पैसे निवेश कर कई गुना का लाभ का वादा कर निवेशकों को धोखा देने का आरोप है। इस मामले की ट्रॉम्बे पुलिस गहन छानबीन कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मानखुर्द के महाराष्ट्र नगर में रहने वाले अमोल शिंदे ने आज धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा है कि इसी इलाके में रहने वाले विलास कदम, विशाखा कदम, विपुल कदम और मानसी कदम फाइनेंसियल इंवेस्टमेंट कंपनी चलाते थे। इसी वजह से वर्ष 2022 में अमोल शिंदे ज्यादा पैसे कमाने की लालच में विलास कदम से मिले थे। शिकायत के अनुसार उस समय विलास कदम और उनके परिवार ने उन्हें हर महीने इन्वेस्टमेंट पर 5 फीसदी से 13 फीसदी से ज्यादा रिटर्न देने का वादा किया। कदम ने कहा था कि अगर वे अपना पैसा निकालना चाहते हैं तो उन्हें कम से कम एक महीने पहले बताना होगा। इसके बाद अमोल शिंदे ने मई 2022 से मार्च 2023 तक 33 लाख इन्वेस्ट कर दिए। कदम के अनुसार उनके कहने पर करीब साठ लोगों ने चार करोड़ रुपये कदम की इंवेस्टमेंट कंपनी में निवेश कर दिए। लेकिन कुछ महीने पहले विलास कदम और उनके सहयोगियों ने पैसे वापस करना बंद कर दिया। ठगी का अहसास होने पर अमोल शिंदे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public that I am verifying the land and building records pertaining to the property admeasuring **964.3 sq. metres**, situated at **Metro Station Marol Naka, Marol Maroshi Road, Near Fire Brigade, Bori Colony, Marol, Andheri (East), Mumbai – 400059** (formerly Mumbai Suburban District, Marol Taluka), more particularly described as under:

**Survey/Gat No.: BOM/3496/1984 & BOM/3497/1984**

As per the certified **Property Register Cards (Malmatta Patrak)** and **7/12 Extracts**, the said lands have undergone lawful **Non-Agricultural (N.A.) conversion**, **boundary measurement**, and necessary **mutation entries**, which have been duly recorded by the competent Revenue and Land Records Authorities.

The latest certified entries reflect the said lands in the name of **Hotel Ashwin Pvt. Ltd.**, along with the respective commercial/industrial entities as recorded.

Any person, firm, authority, or institution having any **objection, claim, lien, right, title, or interest** in respect of the above property is hereby required to notify the undersigned **in writing** within **14 (fourteen) days** from the date of publication of this notice.

If no objections are received within the stipulated period, it shall be presumed that **no claim exists**, and the undersigned shall proceed further on the basis of the documents and records available.

**Contact Person / Barrister:**
**Ms. Shahhida R. Malik**
**Barrister – International Supreme Court**
**Email: malik.shahida786@gmail.com**

Date: 24 Nov 2025
Place: Mumbai, Maharashtra

संपादकीय

# विपक्ष छोड़े आरोपों की राजनीति

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग की प्रचंड जीत के बाद विपक्षी दल अपने पुराने और घिसे पिटे रुख पर कायम हैं। कुछ विपक्षी नेता तो मतदाताओं के विवेक पर ही सवाल उठा रहे हैं। चुनावों पर बेतुके सवाल उठाने का यह क्रम 2014 में केंद्र में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद से ही शुरू हो गया था। क्या राजग को बिहार में अनायास ही इतनी बड़ी जीत मिल गई? इस पहेली को सुलझाने के लिए कुछ उन परिस्थितियों पर बात करनी होगी, जिसने राजग और महागठबंधन के चुनाव लड़ने के तरीके में अंतर पैदा किया। राहुल गांधी ने बिहार में एसआइआर को निशाने पर लेते हुए वोट चोरी के खिलाफ यात्रा निकाल बड़ा सियासी माहौल खड़ा किया। तेजस्वी यादव इस यात्रा में सारथी बने। जब गठबंधन में सीट बंटवारे पर बात शुरू हुई तो राहुल गांधी विदेश चले गए। नामांकन के आखिरी दिन तक मामला नहीं सुलझा और कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट हुई। दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले जब सभी दलों के नेता विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को अंतिम संदेश देने के लिए हाथ पैर मार रहे थे, तब कांग्रेस के शीर्ष नेता की सतपुरा टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी करती तस्वीर दिखी। पहले चरण के मतदान से खराब मौसम के कारण 36 वर्षीय युवा तेजस्वी यादव अपने निवास पर आराम फरमाते दिखे। इसके उलट खराब स्वास्थ्य के आरोपों का सामना कर रहे 74 साल के नीतीश कुमार सड़क मार्ग से फुलपरास विधानसभा जाकर रोड शो किए। ऐसे में सवाल तो उठेगा ही कि मतदाता किसे गंभीरता से लें, उन्हें जो अपनी कार्यशैली से चुनाव को पर्यटन के रूप में लेते हैं या उन्हें जो चुनाव को जीवन-मरण का लक्ष्य बनाकर मैदान में उतरते हैं। बिहार चुनाव में एक बड़ा अंतर गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी रणनीति से पैदा किया। चुनाव से पहले राजग कई मोर्चे पर घिरा था। जदयू और लोजपा (आर) की अदावत के बीच उन्हें पांच दलों में सीट बंटवारे का फार्मूला तलाशना था। राजग के जीतने की स्थिति में नीतीश कुमार की महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की तर्ज पर विदाई की धारणा की काट भी खोजनी थी। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह बनाए रखने के लिए भाजपा का सीएम बनने की संभावना की धारणा भी बनानी थी और उस युवा आक्रोश को संभालना था, जो रोजगार को लेकर उद्वेलित था और जिसने पिछले चुनाव में महागठबंधन को लगभग जीत की दहलीज पर ला खड़ा किया था। अमित शाह ने बिहार में लगातार डटे रह कर न सिर्फ इन चुनौतियों की काट ढूंढ़ी, बल्कि भाजपा को सबसे बड़ा दल बनाया। उन्होंने एक तरफ टिकट वितरण के बाद व्यक्तिगत स्तर पर पार्टी के बागियों को मनाया तो दूसरी ओर हर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग संवाद कर उनकी नाराजगी भी दूर की। एक बड़ी चुनौती लोजपा (आर) और जदयू कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने की थी। नतीजे बताते हैं कि वह न केवल ऐसा करने में कामयाब रहे, बल्कि लोजपा (आर) के साथ ही राष्ट्रीय लोकमोर्चा का वोट भी सभी सहयोगियों में स्थानांतरित कराने में सफल रहे। दिल्ली में न तो पीएम का पद और न बिहार में सीएम का पद खाली है, कहकर उन्होंने एक ही झटके में विपक्ष के सबसे बड़े हथियार को भोथरा कर डाला।

शख्सियत | स्कॉट जोप्लिन

## संगीत जगत का अमर नाम



स्कॉट जोप्लिन (24 नवंबर, 1868 - 1 अप्रैल, 1917) एक अमेरिकी संगीतकार और पियानोवादक थे। ३रैगटाइम के राजा३ के रूप में जाने जाने वाले, उन्होंने 40 से अधिक रैगटाइम टुकड़े, एक रैगटाइम बैले (३द रैगटाइम डांसर, 1899/1902 का मूल संस्करण) और दो ओपेरा की रचना की। उनके पहले और सबसे लोकप्रिय टुकड़ों में से एक, ३मैपल लीफ रैगर, शैली का पहला और सबसे प्रभावशाली हिट बना, जिसे बाद में सर्वोत्कृष्ट रैग के रूप में पहचाना गया।

जोप्लिन टेक्सस के टेक्सारकाना में रेलवे मजदूरों के एक संगीतमय परिवार में पले-बढ़े। 1880 के दशक के अंत में उन्होंने एक संगीतकार के रूप में अमेरिकी दक्षिण की यात्रा की। वह 1893 के विश्व मेले के लिए शिकागो गए, जिसने 1897 तक रैगटाइम को राष्ट्रीय उन्माद बनाने में मदद किया। 1894 में जोप्लिन सेडालिया, मिसौरी चले गए और एक पियानो शिक्षक के रूप में काम किया। उन्होंने 1895 में संगीत प्रकाशित करना शुरू किया और 1899 में उनके ₹मैपल लीफ रैगर ने उन्हें प्रसिद्धि और एक स्थिर आय दिलाई। 1901 में, जोप्लिन सेंट लुइस चले गए और दो साल बाद उन्होंने अपना पहला ओपेरा, ए गेस्ट ऑफ ऑनर, तैयार किया। बिलों का भुगतान न करने के कारण इसे उनके सामान के साथ जब्त कर लिया गया।

1970 के दशक की शुरुआत में जोशुआ रिफ़किन द्वारा रिकॉर्ड किए गए एक मिलियन-सेलिंग एल्बम के रिलीज़ होने के साथ ही जोप्लिन के संगीत को फिर से लोकप्रियता मिली। इसके बाद 1973 में अकादमी पुरस्कार विजेता फ़िल्म द स्टिंग आई, जिसमें जोप्लिन की कई रचनाएँ शामिल थीं। उनका दूसरा ओपेरा ट्रीमोनिशा 1972 में निर्मित हुआ; और 1976 में, जोप्लिन को पुलित्ज़र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

1880 तक, जोप्लिन परिवार टेक्सारकाना, अर्कांसस चला गया, जहाँ जाइल्स एक रेल मजदूर और फ्लोरेंस एक सफाईकर्मी के रूप में काम करते थे। चूँकि जोप्लिन के पिता उत्तरी कैरोलिना में बागान पार्टियों में वायलिन बजाते थे और उनकी माँ गाती और बैंजो बजाती थीं, जोप्लिन को उनके परिवार ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा दी थी, और सात साल की उम्र से ही उन्हें पियानो बजाने की अनुमति मिल गई थी जबकि उनकी माँ सफाई करती थीं।


1880 के दशक की शुरुआत में, गाइल्स जोप्लिन ने परिवार छोड़ दिया और दूसरी महिला के पास चले गए, और फ्लोरेंस को घरेलू काम करके अपने बच्चों का पालन-पोषण करने में कठिनाई हुई। जीवनी लेखिका सुसान कर्टिस का अनुमान है कि फ्लोरेंस द्वारा अपने बेटे की संगीत शिक्षा का समर्थन, गाइल्स से उनके अलगाव का एक महत्वपूर्ण कारण था, जो चाहते थे कि बेटा व्यावहारिक रोज़गार करे जिससे परिवार की आय में वृद्धि हो सके।

1916 तक, जोप्लिन को तृतीयक सिफलिस हो गया था, लेकिन अधिक विशेष रूप से यह संभवतः न्यूरोसिफलिस था। 2 फरवरी, 1917 को उन्हें मैनहट्टन स्टेट हॉस्पिटल, एक मानसिक संस्थान में भर्ती कराया गया। रैगटाइम के राजा की 1 अप्रैल को 48 वर्ष की आयु में सिफिलिटिक डिमेंशिया से मृत्यु हो गई और उन्हें एक कंगाल की कब्र में दफनाया गया जो 57 वर्षों तक अचिह्नित रही। ईस्ट एल्महर्स्ट के सेंट माइकल कब्रिस्तान में स्थित उनकी कब्र को अंततः 1974 में एक चिह्न दिया गया, जिस वर्ष द स्टिंग, जिसमें उनका संगीत प्रदर्शित किया गया था, ने ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता।

# रोग प्रतिरोधक दवाओं का मकड़जाल



विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल
मलोट पंजाब



किसी भी बीमारी के लिए रोग प्रतिरोधक दवाएं (एंटीबायोटिक) बहुत कारगर मानी जाती हैं, यही वजह है कि बाजार में ये दवाएं सबसे ज्यादा बिकती हैं। हालांकि, इनके अंधाधुंध इस्तेमाल से देश में 'सुपरबग्स' जैसी खतरनाक स्थिति पैदा हो गई है, जहां दवाएं बेअसर हो जाती हैं और सामान्य बीमारी भी जल्दी ठीक नहीं हो पाती है। चिंता की बात यह है कि मुर्गी पालन और पशुपालन में भी रोग प्रतिरोधी दवाओं का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है। नतीजतन, अगर हम खुद रोग प्रतिरोधी दवाएं कम लें, तो भी। यह समस्या दूसरे रूप में हमें घेरे रहेगी। इसलिए सरकार की ओर से इन दवाओं के इस्तेमाल को लेकर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

1928 में लंदन के एक चिकित्सा संस्थान में कार्यरत स्काटलैंड के वैज्ञानिक अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने जीवाणुओं पर शोध करते हुए एंटीबायोटिक पेनिसिलिन की खोज की। दूसरे विश्वयुद्ध में जब लाखों घायल सैनिक संक्रमण से मर रहे थे, तब पेनिसिलिन एक वरदान साबित हुई। इससे अनगिनत सैनिकों की जान बचाई गई। पेनिसिलिन ने ने चिकित्सा विज्ञान की दिशा बदल दी और इसे आधुनिक एंटीबायोटिक युग की शुरुआत माना जाता है। हालांकि, 1945 के बाद से फ्लेमिंग खुद चेतावनी देते दत रह कि रोग रोग प्रतिरोधक दवाओं के बहुत ज्यादा इस्तेमाल से प्रतिरोध पैदा होगा और यही हुआ।

अब यह समस्या और बड़ी बनने लगी है, क्योंकि भारत जैसे देशों में बिना चिकित्सक की की सलाह के रोग प्रतिरोधी दवाएं लेना, अधूरा दवा लेना और छोटी-मोटी बीमारी में भी इनका इस्तेमाल करना आम बात हो गई है। इन दवाओं के ज्यादा इस्तेमाल से हमारे शरीर में जीवाणु या विषाणु दवाइयों के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लेते हैं और यह स्थिति 'सुपरबग्स' के रूप में उभरकर सामने आती है। यानी ऐसी स्थिति जिसमें ताकतवर जीवाणु या विषाणु दवाओं से नहीं मरते और उन पर साधारण रोग प्रतिरोधक दवाएँ काम नहीं करती। ऐसे । ऐसे में न सिर्फ मरीजों पर दवाओं का खर्च बढ़ता जाता है, बल्कि भविष्य में यह संक्रमण यानी खांसी, बुखार या घाव होने पर भी इलाज मुश्किल हो जाता है। पहले जिन बीमारियों का इलाज सामान्य एवं सस्ती दवा से हो जाता था, उनके लिए अब महंगी दवाएं या इंजेक्शन लेने पड़ते हैं, क्योंकि सामान्य 18, सामान्य बीमारी पर भी दवाएं बेअसर होती हैं तथा इलाज के लिए कई तरह की जांच करानी पड़ती है और नए किस्म की दवाएं देनी पड़ती हैं। बार-बार रोग प्रतिरोधक दवाएं लेने से से एलर्जी और त्वचा पर दाने जैसी समस्याएं भी आ और लंबे समय में गुर्दा, लीवर और पेट पर असर पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि ये दवाएं हानिकारक जीवाणुओं के साथ-साथ अच्छे जीवाणुओं को भी मार देती हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की रपट के अनुसार, देश में हर साल लगभग सात लाख लोग एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोध से जुड़ी बीमारियों से प्रभावित होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि अगर इस समस्या पर रोक नहीं लगी, तो वर्ष 2050 तक भारत समेत विश्व में इस स्थिति से करीब एक करोड़ लोगों की मौत प्रति वर्ष हो सकती है।

भारत में रोग प्रतिरोधक दवाओं का बाजार बहुत बड़ा है, क्योंकि यहां संक्रमण संबंधी बीमारियां आम हैं। वर्ष 2023 में देश में यह बाजार करीब 49,000 करोड़ रुपए का था अनुमान है कि वर्ष 2024-2030 के बीच यह बाजार लगभग 6-7 फीसद चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़कर 83,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है मालूम हो कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा रोग प्रतिरोधक दवाओं का उत्पादक देश है। 'द लांसेट' की 2022 की एक रपट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति रोग प्रतिरोधक दवाओं की खपत दुनिया में सबसे अधिक है। अनुमान है कि हर साल देश में लगभग 1,300 करोड़ से अधिक की खुराक इन दवाओं की ली जाती है। सरकार ने 'शेड्यूल एचा' लागू किया है, जिसके तहत कई रोग प्रतिरोध दवाएं केवल चिकित्सक के परामर्श पर ही मिल सकती हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से 'एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप' कार्यक्रम को लागू किया जा रहा है, ताकि इन दवाओं का दुरुपयोग कम हो, लेकिन समस्या जस की तस है।

भारत म में सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार और अतिसार जैसी बीमारियों से हर साल करीब 30-35 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित होते हैं। वर्ष 2024 तक देश में कुल पंजीकृत चिकित्सकों की संख्या लगभग 13 लाख हैं, इनमें से 10.4 लाख एलोपैथिक और 4.5 लाख आयुष चिकित्सक (आयुर्वेद, होम्योपैथी,यूनानी) हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के क मानक के अनुसार, एक हजार की आबादी पर मात्र 0.2 आबादी पर कम से कम एक चिकित्सक होना चाहिए। जबकि भारत में एक हजार की आबादी पर मात्र 0.7 चिकित्सक उपलब्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात और भी है, कई राज्यों में तो एक हजार की आबादी चिकित्सक हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी, 2023 की रपट की मानें तो देश में 1.55 लाख उप स्वास्थ्य केंद्र, 25,000 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 5,600 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इनमें से लगभग 65- -70 1 फीसद स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण इलाकों में स्थित हैं। भले ही देश में करीब एक लाख । ज्यादा स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण इलाकों में हों, लेकिन अभी भी यहां चिकित्सकों और स्वास्थ्य केंद्रों की भारी कमी है। व दवाएं गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रोग ने रोग प्रतिरोधक दवाओं को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया है।

पहला, वे जो सामान्य संक्रमण के लिए सुरक्षित हैं और इनका शरीर पर कोई ज्यादा नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है। दूसरी श्रेणी में उन दवाओं को रखा गया है, जिनका इस्तेमाल सीमित तौर र ही किया जाना चाहिए और इनके लिए निगरानी जरूरी है। तीसरी श्रेणी में वे दवाएं , जिन्हें केवल जीवन रक्षक स्थिति में ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मगर इन दिशा-निर्देशों पर पूरी तरह अमल नहीं हो पा रहा है।

जीवन मंत्र

## मुश्किल समय भी गुज़र जाता है

जब आप मुश्किलों के बावजूद प्रयास करते रहते हैं—भले ही छोटे-छोटे कदम हों—तब आप धीरे-धीरे उस अंधेरे से बाहर निकलना शुरू कर देते हैं। आपका हर छोटा कदम, हर छोटी जीत आपको कल का मजबूत इंसान बनाती है।

कठिन समय हमें अक्सर यह महसूस कराता है कि हम अकेले हैं, कि हमारे संघर्ष को कोई समझ नहीं रहा। मन बेचैन रहता है और सोच लगातार एक ही बात पर अटक जाती है— "कब खत्म होगा ये दर्द?" लेकिन जीवन की सच्चाई यही है कि जितना भी गहरा अंधेरा हो, रोशनी उससे कहीं अधिक शक्तिशाली होती है। चाहे रात कितनी भी लंबी हो, सुबह होना तय है। इसी तरह, आपका दर्द भी स्थायी नहीं है—वह सिर्फ आपके अंदर छिपी ताकत को जगाने आया है। कई बार हम कठिनाइयों से लड़ते-लड़ते थक जाते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि यही संघर्ष हमें अनमोल अनुभव देता है। आपमें जो धैर्य, ताकत और समझ आज है, वह आसान दिनों ने नहीं दी—वह उन्हीं मुश्किल पलों की देन है। जब आप टूटते हैं, तब आप खुद को नए रूप में गढ़ते हैं। आप समझते हैं कि कौन आपके साथ है, कौन आपको समझता है, और आप खुद भी अपने भीतर की शक्ति को पहचानने लगते हैं।



कठिन दौर यह भी सिखाता है कि जीवन में हर चीज़ पर हमारा नियंत्रण नहीं होता, लेकिन हमारी प्रतिक्रिया पर होता है। जब आप मुश्किलों के बावजूद प्रयास करते रहते हैं—भले ही छोटे-छोटे कदम हों—तब आप धीरे-धीरे उस अंधेरे से बाहर निकलना शुरू कर देते हैं। आपका हर छोटा कदम, हर छोटी जीत आपको कल का मजबूत इंसान बनाती है।

और फिर एक दिन आप पाते हैं कि आप बदल चुके हैं। जो बात पहले आपको तोड़ देती थी, अब उतनी भारी नहीं लगती। जो डर कभी आपको रोक लेता था, अब वही डर आपकी हिम्मत बढ़ाता है। यही जीवन की खूबसूरती है—वह हमें तोड़ता नहीं, हमें गढ़ता है। हर कठिन पल नया अनुभव, नई सोच और नई परिपक्वता लेकर आता है।

इसलिए जब भी जीवन में फिर से कोई तूफ़ान आए, याद रखना कि आपने इससे पहले भी अनेक तूफ़ानों का सामना किया है। आपने उनसे बाहर निकलकर फिर से मुस्कुराना सीखा है। और इस बार भी सीखेंगे। दर्द चाहे जितना भी हो, स्थायी नहीं होता—पर उससे मिली सीख हमेशा साथ रहती है। यह सीख ही आपको मज़बूत, समझदार और ज्यादा संवेदनशील इंसान बनाती है।

जीवन ऊर्जा | अरुंधति रॉय : जन्म- 24 नवंबर 1961 | जन्म

## परिवर्तन एक चीज़ है, स्वीकृति दूसरी चीज़ है

सुजाना अरुंधति रॉय (जन्म 24 नवंबर 1961) एक भारतीय लेखिका हैं, जिन्हें उनके उपन्यास द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स (1997) के लिए जाना जाता है, जिसने 1997 में फिक्शन के लिए बुकर पुरस्कार जीता और एक गैर-प्रवासी भारतीय लेखक द्वारा सबसे ज्यादा बिकने वाली किताब बन गई। वह मानवाधिकार और पर्यावरणीय कारणों से जुड़ी एक राजनीतिक कार्यकर्ता भी हैं।

परिवर्तन जीवन का स्वाभाविक नियम है। समय, परिस्थितियाँ, लोग, विचार—सब लगातार बदलते रहते हैं। चाहे हम चाहें या न चाहें, परिवर्तन होता है और होता रहेगा। जीवन की राह में आने वाले ये बदलाव कभी सकारात्मक होते हैं, कभी चुनौतीपूर्ण, और कभी अप्रत्याशित। लेकिन परिवर्तन केवल बाहरी स्थिति है—एक घटना, एक परिस्थिति, एक मोड़। यह वह है जो हमारे नियंत्रण से बाहर भी हो सकता है, फिर भी हमें उसका सामना करना ही पड़ता है। इसलिए परिवर्तन को सिर्फ एक घटना मानना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि यह समझना भी ज़रूरी है कि हम इसके प्रति कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।



दूसरी ओर, स्वीकृति एक आंतरिक प्रक्रिया है—एक मानसिक और भावनात्मक निर्णय। स्वीकृति का अर्थ यह नहीं कि हम हर स्थिति से प्रसन्न हों, बल्कि इसका अर्थ है उस वास्तविकता को स्वीकार करना जिसे हम बदल नहीं सकते। जब हम किसी बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाते, तो हम अंदर से संघर्ष करने लगते हैं। मन में विरोध, डर, तनाव और कुंठा पैदा होती है। लेकिन जैसे ही हम स्वीकार करना शुरू करते हैं, मन का बोझ हल्का होने लगता है। स्वीकृति हमें वास्तविकता से भागने के बजाय उसे समझने, अपनाने और उसके साथ आगे बढ़ने की ताकत देती है।

अक्सर लोग परिवर्तन को दोष देते हैं, जबकि असली कठिनाई स्वीकृति की कमी में होती है। उदाहरण के लिए—नौकरी बदलना, नए लोगों से जुड़ना, रिश्तों में बदलाव, या खुद में आने वाले मानसिक और शारीरिक परिवर्तन—ये सब जीवन का हिस्सा हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




## इंसान की कीमत धन नहीं, चरित्र तय करता है

यह समझना आवश्यक है कि जीवन केवल शरीर, धन और बाहरी उपलब्धियों का खेल नहीं है, बल्कि यह आत्मा, चेतना और सद्गुणों का निरंतर विकास है। मनुष्य जिस क्षण जन्म लेता है, उसी क्षण से वह सीखने की यात्रा पर चल पड़ता है। बचपन में उसकी दुनिया छोटी होती है, पर विचार निर्मल होते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे दुनिया का विस्तार होता है, और साथ ही बढ़ती हैं उसकी इच्छाएँ, महत्वाकांक्षाएँ और संघर्ष। यही वह समय होता है जब मनुष्य धन-संपत्ति को जीवन का मुख्य लक्ष्य समझ बैठता है। परंतु जीवन निरंतर यह याद दिलाता रहता है कि पैसा केवल साधन है, लक्ष्य नहीं।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

धन-संपत्ति के प्रति अत्यधिक मोह मनुष्य के भीतर चिंता, ईर्ष्या और असंतोष को जन्म देता है। जब वह किसी से तुलना करने लगता है, तब उसकी खुशी दूसरों की उपलब्धियों पर निर्भर होने लगती है। धीरे-धीरे यह मानसिकता मनुष्य को भीतर से खोखला बना देती है। वह स्वयं को बाहरी वस्तुओं के आधार पर पहचानने लगता है, जबकि सच्चाई यह है कि व्यक्ति की पहचान बाहरी वैभव से नहीं, बल्कि उसके व्यक्तित्व, विचारों और व्यवहार से बनती है। जिन लोगों में सत्य, कर्तव्य, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना गहराई से जुड़ी होती है, वे ही वास्तव में समाज में सम्मान पाते हैं। जीवन में अनेक ऐसे अवसर आते हैं जहाँ मनुष्य के निर्णय यह तय करते हैं कि वह किस दिशा में आगे बढ़ेगा—भ्रम की ओर या सत्य की ओर। यदि वह अपने गुणों को मजबूत करता है, तो वह हर चुनौती में संभल जाता है। लेकिन यदि वह केवल भौतिक चीज़ों के पीछे भागता है, तो जीवन के अंत में उसे केवल पछतावा ही मिलता है। यही कारण है कि विद्वानों ने कहा है—"धन का मूल्य सीमित है, पर चरित्र का मूल्य अनंत है।" यह चरित्र ही वह प्रकाश है जो कठिन समय में भी दिशा दिखाता है, और यही वह संपत्ति है जिसे कोई छीन नहीं सकता।



यह भी आवश्यक है कि मनुष्य अपने भीतर संचित मूल्यों को केवल अपने तक सीमित न रखे, बल्कि उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुँचाए। आज के समय में बच्चे भौतिक सुख-सुविधाओं में तो बड़े हो रहे हैं, लेकिन उनमें धैर्य, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी जैसे गुण कम होते जा रहे हैं। इसका कारण यह है कि माता-पिता केवल धन छोड़ना चाहते हैं, संस्कार नहीं। यदि हम चाहते हैं कि समाज में नैतिकता, इंसानियत और सामंजस्य बना रहे, तो हमें अगली पीढ़ी को ऐसी विरासत देनी होगी जो उन्हें सशक्त, स्थिर और संवेदनशील बनाए। यह विरासत धन नहीं, बल्कि विचारों और मूल्यों की होती है।

अंत में यही कहा जा सकता है कि मनुष्य का अंतिम वैभव उसके आचरण, विनम्रता और मानवता में छिपा होता है। दुनिया में करोड़ों लोग पैदा होते हैं और चले जाते हैं, लेकिन वही लोग याद रहते हैं जिन्होंने अपने कर्मों से दुनिया को बेहतर बनाया। जो अपने शब्दों से प्रेरणा देते हैं, अपने व्यवहार से उदाहरण प्रस्तुत करते हैं और अपने गुणों से समाज को ऊँचा उठाते हैं। इसलिए जीवन का लक्ष्य केवल धन कमाना नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसा चरित्र बनाना चाहिए जिसे देखकर लोग कहें—"यह व्यक्ति धनवान नहीं, गुणवान है।" यही वह संपत्ति है जो अमर रहती है, और यही मनुष्य को वास्तव में महान बनाती है।

### अपने विचार



मैंने यह साफ कर दिया है कि मैं रिटायरमेंट के बाद कोई पद नहीं लूंगा। मैं आदिवासियों के लिए कामकरना चाहूंगा। मैं ज्यादातर दिल्ली में ही रहूंगा। नहीं, कभी नहीं। प्रोटोकॉल के हिसाब से सीजेआई का पद गर्वनर के पद से ऊंचा होता है।

**-बी .आर .गवई**, सीजेआई, भारत



आज भले ही सिंध भारत का हिस्सा नहीं है, लेकिन सभ्यतात्मक रूप से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। जहां तक जमीन का सवाल है, सीमाएं बदल सकती हैं। कौन जाने, कल सिंध फिर से भारत में शामिल हो जाए। हमारे सिंध के लोग, जो सिंधु नदी को पवित्र मानते हैं, हमेशा हमारे अपने रहेंगे। चाहे वे कहीं भी रहें, वे हमेशा हमारे होंगे।

**-राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री, भारत सरकार



अगर आप सभी 18 उम्मीदवारों को चुनते हैं, तो मैं अपना वादा पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। लेकिन, अगर आप मना करोगे तो मैं भी मना कर दूंगा। आपके पास वोट हैं, मेरे पास विकास कार्य के लिए पैसा है।

**-अजित पवार**, डिप्टी सीएम,महाराष्ट्र



यह धनराशि आम लोगों द्वारा दिए गए करों से दी जाती है, न कि अजित पवार के घर से। यदि पवार जैसे नेता मतदाताओं को धमका रहे हैं तो निर्वाचन आयोग क्या कर रहा है?

**-अंबादास दानवे**, नेता, शिवसेना (उबाठा)

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### 14 साल के बच्चे का चोरी के शक में अपहरण, दो गिरफ्तार

**धुले।** महाराष्ट्र के धुले जिले के भामपुर शिवार गांव में ट्रैक्टर की लाइट चोरी के संदेह में 14 वर्षीय एक नाबालिग बच्चे का अपहरण कर उसकी पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के सिलसिले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। घायल बच्चे का उपचार शिरपुर उप-जिला अस्पताल में जारी है। मामले की जांच शिरपुर सिटी पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह हिमांशु नामक नाबालिग के माता-पिता ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन शाम को हिमांशु किसी तरह गंभीर रूप से घायल अवस्था में घर लौट आया। बच्चे और उसके माता-पिता ने पुलिस को बताया कि उसे अपहरण कर बेरहमी से पीटा गया और उसकी पीठ पर गर्म लोहे से दागा गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार रात कार्रवाई करते हुए भामपुर निवासी चिंतामन उर्फ चिंटू साहेबराव कोली और सचिन उर्फ डॉक्टर साहेबराव कोली को गिरफ्तार कर लिया । दोनों पर बच्चे का अपहरण, मारपीट, गर्म लोहे की चादर से दागकर प्रताड़ित करने और हत्या का प्रयास करने का आरोप है। इसके अलावा, आरोपियों पर बाल संरक्षण अधिनियम के तहत गंभीर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### महाराष्ट्र निकाय चुनाव में BJP की धमाकेदार शुरुआत

**पुणे।** महाराष्ट्र नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने वोटिंग से पहले ही जबरदस्त बढ़त बना ली है। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तक बीजेपी के 100 नगर सेवक और 3 नगर अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिए गए, यानी इन वार्डों में अब मतदान की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। राज्य के कई इलाकों में विपक्ष ने मुकाबले में उतरने का जोखिम नहीं लिया, जिससे बीजेपी को शुरुआती चरण में ही बड़ी संख्या में सीटें मिल गईं।



इससे पार्टी का मनोबल बढ़ा है और आगामी चुनाव के लिए रणनीति भी और मजबूत हो गई है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व पर जनता के भरोसे का नतीजा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की विकास योजनाओं पर लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है, इसलिए विपक्ष कई जगह मैदान में उतरा ही नहीं। सबसे अधिक निर्विरोध जीत उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिम महाराष्ट्र से आई हैं। इन क्षेत्रों में बीजेपी का संगठन मजबूत माना जाता है और स्थानीय स्तर पर पार्टी की पकड़ भी काफी प्रभावी दिखी है। नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव 2 दिसंबर 2025 को होंगे और परिणाम 3 दिसंबर को आएंगे। वोटिंग से पहले मिली बीजेपी की यह बंपर बढ़त विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती मानी जा रही है।

# निर्वाचन आयोग से तुरंत कार्रवाई की मांग

*अजित पवार के 'फंड' बयान पर राकांपा (एसपी) का हमला*

**डीबीडी संवाददाता | नागपुर**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विवादित 'फंड' बयान पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) गुट ने चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। राकांपा (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले और पार्टी प्रवक्ता महेश तपासे ने बयान को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए इसे गंभीर मुद्दा कहा है।



### अजित पवार ने क्या कहा था?

पुणे जिले की बारामती तहसील में नगर पंचायत चुनाव प्रचार के दौरान अजित पवार ने मतदाताओं से कहा था कि 'अगर आप राकांपा के 18 उम्मीदवारों को जिताएंगे तो फंड की कमी नहीं होगी। लेकिन अगर आप उन्हें रिजेक्ट करेंगे तो मैं भी आपको रिजेक्ट कर दूंगा। आपके पास वोट हैं, मेरे पास फंड।' पवार इस वक्त राज्य की महायुति सरकार में वित्त विभाग संभाल रहे हैं, ऐसे में उनके बयान ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है।

### निर्वाचन आयोग की नैतिक जिम्मेदारी है कार्रवाई करना

नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुप्रिया सुले ने कहा यह बयान बेहद गंभीर है। लोकतंत्र में वोट के बदले 'फंड' जोड़ना संवैधानिक मर्यादाओं के खिलाफ है। निर्वाचन आयोग को ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए, लेकिन हाल के दिनों में ऐसा होते नहीं दिख रहा। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग में उनके पुराने मामले में भी सभी कागजात होने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में आयोग के प्रति समाज में असंतोष बढ़ा है।

### मतदाताओं को डराने की कोशिश

प्रवक्ता महेश तपासे ने कहा कि अजित पवार का बयान मतदाताओं को धमकाने जैसा है।उन्होंने कहा-'अजित पवार फंड के मालिक नहीं, केवल संरक्षक हैं।'सरकारी संसाधनों को चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल करने की धमकी लोकतंत्र पर सीधा हमला है। चुनाव आयोग को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और अजित पवार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### केंद्र और भाजपा पर भी उठाए सवाल

तपासे ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अपने सहयोगी दल के नेता के ऐसे बयान पर चुप क्यों है।'क्या यह लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला उल्लंघन नहीं है?' – उन्होंने सवाल उठाया। अजित पवार के बयान को लेकर राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। राकांपा (एसपी) ने स्पष्ट कहा है कि यह मामला मतदाताओं पर दबाव बनाने का गंभीर उदाहरण है और निर्वाचन आयोग को इसमें तुरंत दखल देना चाहिए।

### अजित के विवादित बयान पर कांग्रेस और UBT का हमला

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के एक विवादित बयान ने राजनीतिक माहौल गर्मा दिया है। मालेगांव नगर पंचायत के चुनाव प्रचार के दौरान पवार ने कहा कि यदि मतदाता उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को वोट नहीं देंगे, तो क्षेत्र में सरकारी निधि नहीं मिलेगी। इस बयान के सामने आते ही विपक्षी दल कांग्रेस और शिवसेना (UBT) ने चुनाव आयोग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बारामती में एक सभा में अजित पवार ने कहा, 'आप मुझे मालेगांव नगर पंचायत के 18-18 उम्मीदवार जिताकर दीजिए। मैं हर वादा पूरा करूंगा लेकिन यदि आपने कट मारा, तो मैं भी कट मारूंगा। आपके पास वोट है, तो मेरे पास निधि है।' विपक्ष ने सीधी धमकी बताते हुए जमकर विरोध किया है। सत्ता पक्ष चुनाव में दबाव बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।

**चुनाव आयोग से की कड़ी कार्रवाई की मांग**

### 'सीधी धमकी, चुनाव आयोग कार्रवाई करे'

कांग्रेस और शिवसेना (UBT) ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अजित पवार का बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। पार्टियों का कहना है कि सरकारी निधि को वोट से जोड़ना लोकतंत्र का अपमान है।चुनाव आयोग को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। सत्ता के पद पर बैठे नेता द्वारा इस तरह की चेतावनी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।

### पिता की हत्या का आरोपित बेटा गिरफ्तार,घर में ही दफनाया था शव



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

संभाजी नगर जिले के पैठण तहसील के कडेथान गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मामूली विवाद के चलते एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर शव घर में ही गाड़ दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब शव सड़ने से उठ रही दुर्गंध से परेशान पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पाचोड़ पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक सचिन पंडित ने बताया कि कडेथान गांव के निवासी कल्याण बाबुराव काले अपने सौतेले बेटे रामेश्वर काले के साथ रहते थे। करीब एक सप्ताह पहले दोनों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हुआ। इसी गुस्से में रामेश्वर ने अपने पिता की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने घर में ही गड्ढा खोदकर शव को दबा दिया।

#### बेटे ने हत्या की बात कबूली

कुछ दिनों बाद घर से बदबू आने लगी, जिसके बाद पड़ोसियों ने इसकी शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलने पर पाचोड़ पुलिस की टीम शनिवार को मौके पर पहुंची और तलाशी के दौरान घर के अंदर दबा हुआ शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने रामेश्वर काले को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने पिता की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है। मामले की आगे जांच जारी है।

## एक युवक की मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल

*त्र्यंबक रोड पर भीषण बाइक हादसा*

**डीबीडी संवाददाता | नाशिक**

त्र्यंबक रोड के जाधव संकुल लिंक रोड पर शनिवार दोपहर करीब 4 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में समीर जाफर आलम (23) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, तेज़ रफ्तार होंडा स्ट्रीम (MH 15 JY 2476) और एक्टिवा (MH 15 KH 6993) के बीच यह दुर्घटना हुई। घायल युवक को ज़िला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह लिंक रोड हाल ही में डामरीकृत हुई है, जिससे वाहन तेज़ी से चल रहे हैं और बार-बार हादसे हो रहे हैं। दुर्घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई थी।




**मध्य रेल की बड़ी कार्रवाई**

## 9.63 लाख बिना टिकट यात्री पकड़े, 40.59 करोड़ जुर्माना वसूला

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने अनधिकृत यात्रा पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच 9.63 लाख बिना टिकट, अमान्य टिकट और बिना बुक किए सामान वाले यात्रियों पर कार्रवाई की है। इस अवधि में कुल 40.59 करोड़ का जुर्माना वसूला गया। रेलवे द्वारा मेल/एक्सप्रेस और उपनगरीय AC व नॉन-AC लोकल ट्रेनों में लगातार विशेष टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि अनियमित यात्रा पर रोक लगाई जा सके और अधिकृत यात्रियों की सुविधा सुरक्षित रहे।




### अप्रैल–अक्टूबर 2025: अनियमित यात्रा का पूरा आंकड़ा

- AC लोकल – 71,045 मामले | 2.28 करोड़ जुर्माना
- प्रथम श्रेणी – 91,837 मामले | 2.93 करोड़ जुर्माना
- द्वितीय श्रेणी – 6,98,248 मामले | 33.69 करोड़ जुर्माना
- मेल/एक्सप्रेस किराया अंतर – 13,301 मामले | 0.71 करोड़ जुर्माना
- बिना बुक सामान – 88,713 मामले | 0.98 करोड़ जुर्माना

### अक्टूबर 2025 का रिपोर्ट कार्ड

सिर्फ अक्टूबर माह में ही 1.34 लाख अनियमित यात्राओं के मामले पकड़े गए और 6.16 करोड़ का जुर्माना वसूला गया।

- AC लोकल – 8,958 मामले | 29.28 लाख
- प्रथम श्रेणी – 10,686 मामले | 34.07 लाख
- द्वितीय श्रेणी – 1,00,535 मामले | 5.21 करोड़
- मेल/एक्सप्रेस किराया अंतर – 3,154 मामले | 1.92 लाख
- बिना बुक सामान – 11,149 मामले | 1.25 लाख

### AC उपनगरीय ट्रेनों में अनियमित यात्रा पर सख्त निगरानी

मध्य रेल ने AC उपनगरीय ट्रेनों में अनियमित यात्रा रोकने के लिए एक विशेष AC टिकट जांच दस्ता तैनात किया है, जो 24×7 व्हाट्सएप हेल्पलाइन 7208819987 से लैस है। यह दस्ता रोजाना औसतन 368 यात्रियों पर कार्रवाई कर 1.19 लाख जुर्माना वसूल रहा है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे मान्य टिकट लेकर ही यात्रा करें, क्योंकि बिना टिकट यात्रा पर 'शून्य सहिष्णुता' की नीति लागू है।

## जीरो माइल लिटरेचर फेस्टिवल' से बढ़ेगी परिपक्वता और ज्ञानवर्धन : मुख्यमंत्री

**डीबीडी संवाददाता | नागपुर**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नागपुर के रेशिम बाग में आयोजित जीरो माइल लिटरेचर फेस्टिवल 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस फेस्टिवल के माध्यम से युवाओं और नागरिकों में परिपक्वता और जन-जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि साहित्य और पुस्तकें मानव संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का प्रमुख माध्यम हैं और संस्कृति की रक्षा में उनका अहम योगदान है।



### नागपुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

मुख्यमंत्री ने नागपुर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोंड राजाओं से लेकर भोसले काल तक इस शहर ने ज्ञान-संस्कृति और साहित्यिक परंपरा को समृद्ध किया है। उन्होंने उल्लेख किया कि विदर्भ की भूमि भाषा-संगम की भूमि है, जहां मराठी और हिंदी साहित्य दोनों की परंपरा फल-फूल रही है।

### पुस्तकों और ज्ञान का महत्व

फडणवीस ने कहा, जानकारी तब तक जानकारी ही रहती है जब तक वह ज्ञान में परिवर्तित नहीं होती। ज्ञान अर्जित करने का सर्वोत्तम माध्यम पुस्तकें हैं।꠰ उन्होंने युवाओं तक पुस्तकों की पहुँच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### उद्घाटन समारोह में प्रमुख उपस्थितियां

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कुमुद शर्मा, लेखक विजयराव देशमुख, एनबीटी अध्यक्ष प्रो. मिलिंद मराठे, निदेशक युवराज मलिक, और जीरो माइल यूथ फाउंडेशन के मार्गदर्शक सत्यनारायण नुवाल, अध्यक्ष अजय संचेती समेत कई साहित्यकार और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुंबई के पर्यावरणविद् डॉ. प्रशांत सिंकर को प्राइड ऑफ नेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2025

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई और ठाणे के प्रसिद्घ एनवायरनमेंटलिस्ट व सीनियर जर्नलिस्ट डॉ. प्रशांत रेखा रविंद्र सिंकर को पर्यावरण संरक्षण में लंबे और प्रभावी योगदान के लिए प्राइड ऑफ नेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें दिल्ली में जे.जे.एस.एस. संस्था द्वारा प्रदान किया गया। यह राष्ट्रीय पुरस्कार डॉ. सिंकर को पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, जल प्रबंधन और जनजागरूकता के क्षेत्र में उनकी 26 वर्षों की सतत सेवाओं के लिए दिया गया है। डॉ. सिंकर वर्षों से नदियों-झीलों के संरक्षण, पेड़-पौधों की सुरक्षा, जैव विविधता, जल संकट, क्लाइमेट चेंज और प्लास्टिक प्रदूषण जैसे मुद्दों पर लगातार रिपोर्टिंग करते रहे हैं। उनकी पहल ने मुंबई-ठाणे सहित कई क्षेत्रों में पर्यावरण जागरूकता अभियानों को गति दी है। 'कनेक्ट विथ नेचर' संदेश को युवाओं तक पहुंचाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। सम्मान मिलने पर उन्होंने कहा, 'यह अवार्ड उन सभी जागरूक नागरिकों का है जो पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास कर रहे हैं। मिलकर हम धरती को सुरक्षित रख सकते हैं।' डॉ. सिंकर को इससे पहले भी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई सम्मान मिल चुके हैं।






## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा।

**वृष** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं।

**मिथुन** फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। आय से व्यय अधिक होंगे। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है।

**कर्क** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

**तुला** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है।

**वृश्चिक** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें।

**धनु** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नाति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। परिवार की मदद मिलेगी।

**मकर** रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें।

**कुंभ** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें।

**मीन** किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।

## पाइराइट स्टोन के उपयोग और लाभ

पाइराइट स्टोन के अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए इसे सही ढंग से धारण करना और घर या कार्यस्थल पर उचित स्थान पर रखना आवश्यक है। नीचे इसके प्रभावी उपयोग के तरीके दिए गए हैं:

**पाइराइट को धारण करने का तरीका (Wearing Pyrite)**

**गहने के रूप में:**

पाइराइट को पेंडेंट या ब्रेसलेट के रूप में पहना जा सकता है।

स्टोन का सीधे त्वचा के संपर्क में रहना लाभकारी माना जाता है, जिससे इसकी ऊर्जा शरीर में बेहतर ढंग से अवशोषित होती है।






प्रियंका जैन
9769994439

आर्थिक लाभ के लिए इसे दाहिने हाथ में ब्रेसलेट के रूप में पहनना शुभ माना जाता है।

**जेब में रखना:**

पॉलिश किया हुआ छोटा पाइराइट का टुकड़ा जेब या पर्स में रखा जा सकता है।

यह धन आकर्षित करने और पूरे दिन ऊर्जा बनाए रखने में सहायक माना जाता है।

पाइराइट को रखने का तरीका (Placing Pyrite)

**धन और समृद्धि के लिए:**

**दक्षिण-पूर्व कोना (घर/ऑफिस):** फेंगशुई के अनुसार यह 'धन क्षेत्र' है। यहाँ पाइराइट का क्लस्टर या टुकड़ा रखने से समृद्धि बढ़ती है।

**कार्यस्थल की डेस्क:** डेस्क पर पाइराइट रखने से एकाग्रता, रचनात्मकता और करियर ग्रोथ में मदद मिलती है।

**सेफ या कैश बॉक्स:** पैसे रखने की जगह पर पाइराइट रखने से धन सुरक्षित और बढ़ता हुआ माना जाता है।

**ऊर्जा और सुरक्षा के लिए:**

मुख्य प्रवेश द्वार: प्रवेश द्वार के पास पाइराइट रखने से नकारात्मक ऊर्जा तथा बुरी नज़र से सुरक्षा मिलती है।

पढ़ाई का क्षेत्र: विद्यार्थियों के लिए स्टडी टेबल पर इसे रखना एकाग्रता बढ़ाने में मदद करता है।

**ध्यान देने योग्य बातें**

**सफाई (Cleansing):**

पाइराइट को नियमित रूप से धूप या चंद्रमा की रोशनी में रखकर ऊर्जा पुनर्जीवित की जा सकती है। इसे पानी से न धोएँ, क्योंकि यह आयरन सल्फाइड से बना है और नमी से प्रभावित हो सकता है।

**इरादा स्थापित करें (Set Intention):**

जब भी आप इसे पहनें या घर में रखें, मन में सकारात्मक इरादा रखें, जैसे— "मैं धन और समृद्धि को आकर्षित कर रहा हूँ।"

## न्यूज़ ब्रीफ

### 12 हजार की नौकरी वाले युवक के नाम पर 124 फर्में रजिस्टर्ड

**मुरादाबाद।** राज्य कर विभाग द्वारा दर्ज कराए गए एक बड़े फ्रॉड मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। लखनऊ के रहने वाले 12 हजार रुपये वेतन पाने वाले अंकित कुमार के नाम पर मुरादाबाद में 124 फर्मों का रजिस्ट्रेशन पाया गया, जिनके जरिए करोड़ों रुपये की कर चोरी की आशंका जताई गई है। वहीं, अंकित का कहना है कि यह पूरा मामला पहचान की चोरी का है और वह पूरी तरह निर्दोष है। अंकित कुमार ने बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने अपने चाचा के निधन के बाद पैसों की ज़रूरत पड़ने पर एक लोन के लिए आवेदन किया था। लोन एजेंटों ने आधार सत्यापन के बहाने उनसे ओटीपी मांगा, जिसे उन्होंने दे दिया। अंकित का दावा है कि उसी ओटीपी का इस्तेमाल कर उनके दस्तावेजों से फर्जी कंपनियां बनाई गईं। न तो उन्हें लोन मिला, न कोई ईएमआई कटी, लेकिन बाद में पता चला कि उनके नाम और नंबर से एके एंटरप्राइजेज समेत 124 फर्में रजिस्टर्ड कर दी गई हैं। अंकित ने कहा कि मुरादाबाद पुलिस का कॉल आने पर ही उन्हें मामले का पता चला। पुलिस ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर से 124 फर्मों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसके बाद वे मुरादाबाद आए और पुलिस को अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि वे बेहद साधारण आर्थिक स्थिति से आते हैं और केवल 12 हजार रुपये महीने कमाते हैं। उनके लिए इतने बड़े फर्जीवाड़े की कल्पना भी संभव नहीं।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनिर्मित एमएलए आवास व जेपी गंगा पथ का किया निरीक्षण

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को दारोगा राय पथ स्थित नवनिर्मित एमएलए डुप्लेक्स आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने आवास परिसर के विभिन्न भागों को देखा और उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी आवासों पर निर्वाचन क्षेत्र संख्या और विधानसभा क्षेत्र स्पष्ट रूप से अंकित किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आवासों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि ये आवास बहुत अच्छे बने हैं और इन्हें नवनिर्वाचित विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों के आधार पर शीघ्र ही आवंटित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आवास परिसर में सभी आधुनिक सुविधाएं और सौंदर्यीकरण बेहतरीन ढंग से किया गया है।

### बिहार में कानून-व्यवस्था पर बढ़ती चिंता

**पटना।** बिहार में चुनावों के करीब आते ही कानून और व्यवस्था को लेकर हालात गंभीर बने हैं। केवल 17 दिनों में 51 हत्याओं की वारदातें रिपोर्ट की गई हैं, जिसमें गैंगस्टर चंदन मिश्रा की अस्पताल में गोली मारकर हत्या जैसी घटनाएं भी शामिल हैं। पुलिस की सख्ती बढ़ाने के प्रयासों के साथ ही एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच नेतृत्व को लेकर असमंजस भी साफ दिख रहा है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राज्य में "नेतृत्व की खामी" की आवाज़ उठ रही है, जिससे राजनीतिक दिशा अनिश्चितता की ओर बढ़ रही है। यह बढ़ती हिंसा और राजनीतिक तनाव दोनों ही जनता की सुरक्षा और विकास की आकांक्षाओं के लिए बड़े जोखिम हैं।

# गीता प्रेरणा उत्सव में उठा वेदांत का स्वर

एजेंसी | लखनऊ

राजधानी लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीमद्भगवद्गीता के वैश्विक महत्व, उसके आध्यात्मिक संदेश और भारत के सांस्कृतिक नेतृत्व पर गहराई से प्रकाश डाला। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में दोनों ही वक्ताओं ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों के लिए जीवन का दिव्य मंत्र है।



### 'गीता जीवन जीने की कला सिखाती है': योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता धर्म, कर्तव्य और जीवन के मूल सिद्धांतों की वास्तविक प्रेरणा है। उन्होंने कहा, 'गीता 18 अध्यायों और 700 श्लोकों का ऐसा मार्गदर्शन है जिसे हर सनातन धर्मावलंबी जीवन मंत्र की तरह आत्मसात करता है। यह केवल उपासना विधि नहीं, बल्कि वे ऑफ लाइफ है।'सीएम योगी ने बताया कि स्वामी ज्ञानानंद द्वारा प्रस्तुत जिओ गीता विभिन्न वर्गों–श्रमिक, किसान, छात्र, महिला, चिकित्सक, सैनिक–को यह बताती है कि गीता का मार्ग हर किसी के जीवन में लागू हो सकता है।

### 'गीता केवल साधु-संन्यासियों के लिए नहीं'

स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता जन–जन की पुस्तक है। जल्द ही गीता को मूकबधिर समाज के लिए 'बैन लिपि' में भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं स्वामी परमात्मानंद ने कहा कि गीता का उद्देश्य व्यक्ति को कर्तव्यपरायण बनाना है–क्योंकि धर्म का अर्थ अधिकार नहीं, कर्तव्य है।

### कार्यक्रम में शामिल हुए अनेक संत और वरिष्ठ पदाधिकारी

उत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डॉ. भागवत, जगद्गुरू रामानुजाचार्य, ब्रह्माकुमारीज की राधा बहन सहित अनेक संत, आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी और सामाजिक संगठन शामिल हुए। स्वामी ज्ञानानंद ने दोनों अतिथियों को गीता की प्रतियां भेंट कीं। कार्यक्रम में हजारों लोग उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में वेदांत और धर्म संदेश की गूंज सुनाई दी।

# कांग्रेस बोझ बन गई है, जो साथ ले चले वही डूब गया: शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी | भोपाल

केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा जिले के गंजबासौदा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "कांग्रेस अब ऐसा बोझ हो गई है कि जो पार्टी उसे लेकर चलती है, वह भी डूब जाती है। दिल्ली में केजरीवाल, यूपी में अखिलेश और बिहार में लालू-सब कांग्रेस का साथ लेकर बंटाधार हो गए।'उन्होंने कहा कि 'आज देश में बहनें सरकार बना रही हैं और बिहार में भी बहनों ने चमत्कार कर दिखाया है।'



### गंजबासौदा में विकास कार्यों का लोकार्पण और रोड शो

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंजबासौदा में 150 बिस्तर वाले सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया। इसी के साथ कुल 64 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत के 26 विकास कार्यों का लोकार्पण और 85 करोड़ 84 लाख रुपये के 28 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। दोनों नेताओं ने शहर में रोड शो भी किया, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने उनका स्वागत किया।

### मध्य प्रदेश के विकास में कमी नहीं रहने देंगे: शिवराज

जनसभा में चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव लगातार योजनाओं को गति दे रहे हैं और "विदिशा व बासौदा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।'उन्होंने कृषि क्षेत्र में उद्यानिकी और पशुपालन को जोड़कर नए अवसर पैदा करने की बात कही।

### घुसपैठ पर सख्ती–स्वदेशी पर जोर

शिवराज सिंह चौहान ने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि फर्जी नाम और घुसपैठियों को हटाने की जरूरत है। 'देश को धर्मशाला नहीं बनने देंगे।' उन्होंने नशा मुक्ति, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## मोहम्मद आरिफ के मार्केट पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

एजेंसी | बरेली

26 सितंबर के दंगे के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर के करीबी बताए जाने वाले कॉलोनाइज़र मोहम्मद आरिफ के अवैध मार्केट पर दूसरे दिन भी बरेली विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला। रविवार सुबह विकास प्राधिकरण की टीम ने दो मंजिला मार्केट को ध्वस्त करने की प्रक्रिया को फिर से शुरू किया। इससे पहले शनिवार को दुकानदारों को अपना सामान बाहर निकालने के लिए समय दिया गया था। रविवार को दुकानों से सामान निकालने के लिए दी गई कुछ घंटे की मोहलत खत्म होते ही विकास प्राधिकरण के तीन बुलडोजर मौके पर पहुंचे और पूरे मार्केट को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस मार्केट में 16 दुकानें थीं, जो दो मंजिला इमारत में बनी थीं। अधिकारियों के अनुसार निर्माण पूरी तरह अवैध था और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद कोई वैध कागज प्रस्तुत नहीं किया गया। मोहम्मद आरिफ को मौलाना तौकीर का बेहद करीबी माना जाता है। आरिफ के पास पुराने शहर के जगतपुर इलाके में दो दर्जन से अधिक दो मंजिला मार्केट हैं। इसके अलावा पीटर इंग्लैंड शोरूम की इमारत भी उन्हीं की बताई जाती है। विकास प्राधिकरण का कहना है कि शोरूम सहित कई इमारतों का निर्माण बिना मंजूरी के किया गया था। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अराजक स्थिति न पैदा हो, इसके लिए पूरे इलाके में एहतियातन धारा 144 लागू कर दी गई है। कार्रवाई भारी पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जारी है। प्रशासन ने साफ कहा है कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई आगे भी इसी कड़ाई से जारी रहेगी।

## राष्ट्रवादी विचारधारा का केंद्र रहा विदिशा, कृषि और उद्योग में दे रहा अहम योगदान: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

एजेंसी | भोपाल

डॉ. मोहन यादव ने रविवार को विदिशा जिले के गंजबासौदा में विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विदिशा हमेशा से राष्ट्रवादी विचारधारा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यह भूमि राजमाता विजयाराजे सिंधिया, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज जैसी महान हस्तियों की कर्मभूमि रही है।



### रोड शो में भव्य स्वागत

गंजबासौदा आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का रोड शो के दौरान स्थानीय नागरिकों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने जन समर्थन और स्नेह के लिए नागरिकों का धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री लखन पटेल, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### अन्नदाता, महिलाओं और युवाओं के लिए योजनाओं पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार अन्नदाता, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की राशि 1500 रुपये प्रति माह किए जाने, नारी सशक्तिकरण योजना के तहत उद्योगों में कार्यरत महिलाओं को 5,000 रुपये प्रतिमाह तक सहायता प्रदान करने का उल्लेख किया। किसानों के लिए भावांतर योजना, सिंचाई विस्तार के लिए नदी जोड़ो अभियान और गेहूं खरीद 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करने की घोषणा पर भी उन्होंने जोर दिया।

## मदनी का बयान निंदनीय और उकसाने वाला : अरुण सिंह

एजेंसी | मीरजापुर

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को विंध्याचल में नगर विधायक के होटल द कम्फर्ट इन विंध्यन का उद्घाटन किया। मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने मदनी के हालिया बयान को 'निंदनीय, भड़काऊ और समाज को बांटने वाला' करार दिया। अरुण सिंह ने कहा कि मदनी का बयान एक वर्ग को उकसाने का प्रयास है, जिसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सभी योजनाएं-प्रधानमंत्री आवास योजना, अन्न योजना, हर घर जल, आयुष्मान भारत-बिना किसी भेदभाव के सभी समुदायों को दी जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'मुसलमानों को भी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है, इसलिए धर्म के नाम पर भेदभाव की बात करना मूर्खतापूर्ण है।' उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे बयान देते हैं। बिहार सरकार के नए मंत्रिमंडल में मुस्लिम समुदाय के मंत्रियों की मौजूदगी का जिक्र करते हुए अरुण सिंह ने कहा कि यह बताता है कि अवसर सभी को समान रूप से मिल रहे हैं।

# व्यापार जगत

# गौतम अडानी ने ट्रेड कैसल टेक पार्क खरीदा

एजेंसी | नई दिल्ली

एशिया के दूसरे सबसे बड़े कारोबारी गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप ने अपने डेटा सेंटर विस्तार को और मजबूत करते हुए ट्रेड कैसल टेक पार्क (TCTPPL) का अधिग्रहण कर लिया है। अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (AEL) और डेटा सेंटर ऑपरेटर EdgeConneX के संयुक्त उपक्रम अडानीकॉनेक्स (ACX) ने इस कंपनी में 100 फीसदी हिस्सेदारी 231.34 करोड़ रुपये में खरीदी है। इसके लिए 21 नवंबर 2025 को ट्रेड कैसल टेक पार्क और उसके शेयरधारकों श्री नामन डेवलपर्स तथा जयेश शाह के साथ शेयर खरीद समझौते (SPA) पर हस्ताक्षर किए गए।

### बुनियादी ढांचा विस्तार का हिस्सा है यह सौदा




अडानी एंटरप्राइजेज ने बताया कि महाराष्ट्र के मुंबई में रजिस्टर्ड टीसीटीपीपीएल के पास बड़ी भूमि जोत है और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए आवश्यक प्रमुख लाइसेंस भी मौजूद हैं। कंपनी ने अब तक व्यावसायिक गतिविधियां शुरू नहीं कीं, लेकिन उसके पास उपलब्ध जमीन और लाइसेंस अडानीकॉनेक्स को अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए शुरुआती बढ़त देंगे।अडानीकॉनेक्स, अडानी ग्रुप और EdgeConneX का ज्वाइंट वेंचर है, जिसका लक्ष्य अगले दशक में 1 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करना है। कंपनी वर्तमान में चेन्नई, नवी मुंबई, नोएडा, पुणे और हैदराबाद में डेटा सेंटर संचालित कर रही है।

## राइट्स पहली बार चालू हालत के डीजल लोकोमोटिव का करेगी निर्यात

एजेंसी | नई दिल्ली

रेल मंत्रालय के तहत काम करने वाली राइट्स लिमिटेड पहली बार चालू हालत (वर्किंग कंडीशन) के डीजल लोकोमोटिव का निर्यात करने जा रही है। कंपनी को दक्षिण अफ्रीका से 18 डीजल लोकोमोटिव का ऑर्डर मिला है, जिन्हें वहां की जरूरतों के अनुसार संशोधित किया जा रहा है। राइट्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राहुल मिथल ने बताया कि भारत में रेल नेटवर्क लगभग पूरी तरह विद्युतीकृत हो चुका है। ऐसे में 15 वर्ष से अधिक शेष आयु वाले चालू हालत के डीजल लोकोमोटिव को उपयोग में लाने के लिए विदेश निर्यात का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि राइट्स अब तक केवल नए लोकोमोटिव का ही निर्यात करती रही है, लेकिन चालू हालत के इंजनों का निर्यात यह पहला अवसर है। दक्षिण अफ्रीका में केप गेज (1,067 मिमी) और भारत में ब्रॉड गेज (1,676 मिमी) होने के बावजूद तकनीकी संशोधनों के बाद ये लोकोमोटिव पूरी तरह उपयुक्त बनाए जा रहे हैं।

## दो चरणों में लागू हो सकता है FTA, पीयूष गोयल का बड़ा बयान

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और इजराइल के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (FTA) अब दो चरणों में लागू किया जा सकता है, ताकि कारोबारी जगत को जल्द लाभ मिल सके। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को दी। दोनों देशों ने गुरुवार को इस एफटीए पर औपचारिक बातचीत शुरू करने के लिए जरूरी नियमों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। इन नियमों में माल के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना, सामान पर लगने वाले टैक्स और अन्य बाधाओं को कम करना, निवेश को आसान बनाना, कस्टम प्रक्रियाओं



को सरल करना, तकनीकी सहयोग बढ़ाना और सेवा क्षेत्र से जुड़े नियमों में ढील देना शामिल है। गोयल ने कहा कि समझौते को दो चरणों में पूरा करने पर विचार किया जा रहा है। बातचीत शुरू होने के बाद दोनों पक्ष यह तय करेंगे कि पहला चरण किस प्रकार जल्द पूरा कर व्यापार समुदाय को तुरंत लाभ पहुंचाया जा सके। मंत्री इन दिनों 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ इजराइल दौरे पर हैं। दोनों देशों ने फिलहाल संवेदनशील मुद्दों को बातचीत से अलग रखने का निर्णय लिया है। गोयल ने कहा कि भारत और इजराइल यह भी देख रहे हैं कि नवाचार और शोध के माध्यम से किस प्रकार परस्पर निवेश बढ़ाया जा सकता है। संयुक्त परियोजनाओं पर भी काम होगा, ताकि भारत को इजराइल की विशेषज्ञता और इजराइल को भारत के विशाल बाजार का लाभ मिल सके। सितंबर 2025 में भारत ने इजराइल से 178 मिलियन डॉलर का निर्यात और 121 मिलियन डॉलर का आयात किया, जिससे 56.8 मिलियन डॉलर का सकारात्मक व्यापार संतुलन बना।

## एएआई जल्द लागू करेगा ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम

एजेंसी | नई दिल्ली

विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) अपनी सभी चल रही परियोजनाओं की रीयल-टाइम निगरानी के लिए जल्द ही एक ऑनलाइन प्रणाली लागू करने जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इस नई प्रणाली पर पिछले एक साल से काम चल रहा है और इसे आने वाले कुछ सप्ताहों में औपचारिक रूप से लॉन्च कर दिया जाएगा। एएआई हर साल पूंजीगत व्यय पर भारी निवेश करता है और देशभर के हवाई अड्डों का विकास, रखरखाव तथा हवाई यातायात प्रबंधन सेवाएं इसकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल हैं। ऐसे



में परियोजनाओं की रफ्तार और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम को अहम माना जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन निगरानी प्रणाली का मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं की तत्काल प्रगति पर नजर रखना और कार्यान्वयन में किसी तरह की देरी को रोकना है। यह व्यवस्था सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन से ली गई तस्वीरों व वीडियो सहित कई अन्य डिजिटल साधनों पर आधारित होगी, जिससे जमीनी हालात का लाइव आकलन किया जा सकेगा। फिलहाल एएआई देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर लगभग 25 परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिनमें उन्नयन और विस्तार के कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं पर 200 करोड़ से 500 करोड़ रुपये तक का पूंजीगत व्यय किया जा रहा है। नई ऑनलाइन प्रणाली के लागू होने के बाद परियोजनाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होने की उम्मीद है, जिससे हवाई अड्डा ढांचे के विकास में तेज़ी आएगी।

## सरकारी इंश्योरेंस कंपनियों का होगा मर्जर, सरकार ने बनाया सुपर प्लान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

सरकारी बैंकों के बाद अब केंद्र सरकार सरकारी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों के मर्जर की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है। वित्त मंत्रालय तीन सरकारी इंश्योरेंस कंपनियों—ओरिएंटल इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस—को एक सिंगल यूनिट में विलय करने के शुरुआती प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। उद्देश्य है—बेहतर दक्षता, सुगठित संरचना और बड़े पैमाने पर क्षमता का निर्माण।

### कौन-कौन सी कंपनियां होंगी शामिल




सरकार ने 2019–20 से 2021–22 के बीच इन तीनों कंपनियों में 17,450 करोड़ रुपये की पूंजी डालकर उन्हें वित्तीय संकट से बाहर निकालने की कोशिश की थी। 2018–19 के बजट भाषण में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इन तीनों कंपनियों के मर्जर की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने जुलाई 2020 में इसे स्थगित कर दिया और तत्काल पूंजी जरूरतों को देखते हुए 12,450 करोड़ रुपये की नई राशि मंजूर की। अब जब इन कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार दिख रहा है, तब मंत्रालय विलय की योजना का फिर से मूल्यांकन कर रहा है। प्रारंभिक समीक्षा में इन कंपनियों को मिलाने से परिचालन में सुधार और लागत में कमी जैसे फायदे सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार एक सरकारी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्राइवेटाइजेशन के प्रस्ताव पर भी विचार कर रही है। हालांकि अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2021–22 के बजट में दो सरकारी बैंकों और एक सामान्य बीमा कंपनी के निजीकरण की घोषणा की थी, जिसके बाद अगस्त 2021 में संसद ने सामान्य बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक 2021 पास किया था।

## जीएसटी उछाल और वैश्विक स्थिरता से बाजार में नई रौनक

एजेंसी | नई दिल्ली

त्योहारी सीजन की तेज़ मांग, लगातार मजबूत हो रहे जीएसटी कलेक्शन और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की वापसी के संकेतों ने भारतीय बाजार में नई जान फूँक दी है। नवंबर के शुरुआती सप्ताह में ऑटो, एफएमसीजी, टेक और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में बिक्री का दबाव काफी कम हुआ, जबकि बैंकिंग और रियल्टी सेक्टर में तेजी देखने को मिली है। विशेषज्ञों का कहना है कि खुदरा उपभोग में आई मजबूती ने कंपनियों को अनुमान से बेहतर तिमाही परिणाम देने में मदद की है, वहीं सरकार की ओर से जारी इन्फ्रास्ट्रक्चर कैपेक्स ने निर्माण कंपनियों और स्टील-सीमेंट सेक्टर को स्थिरता प्रदान की है। दूसरी ओर, अमेरिकी फेडरल रिज़र्व द्वारा ब्याज दरों को स्थिर रखने का संकेत मिलने से विदेशी निवेशकों का रुझान उभरते बाजारों की ओर फिर से बढ़ रहा है, जिसका सीधा लाभ भारतीय इक्विटी मार्केट को मिल सकता है।

ट्रेविस हेड के तूफानी शतक

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को 27 करोड़ का नुकसान!



**पर्थ।** एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को सिर्फ दो दिनों में मात दे दी। टीम को जीत दिलाने में सबसे बड़ी भूमिका ट्रेविस हेड के तूफानी शतक की रही। हालांकि यह धमाकेदार जीत क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मैच जल्द खत्म होने की वजह से लगभग 27 करोड़ रुपये का नुकसान होने की आशंका है, क्योंकि तीसरे और चौथे दिन के सभी टिकट पूरी तरह बिक चुके थे।

## पहले दिन ही बढ़ गई थी चिंता

पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने मजाक में कहा था कि मैच तीसरे दिन तक भी नहीं पहुंचेगा—और हुआ भी ऐसा ही। इंग्लैंड की पहली पारी 32 .5 ओवर में 172 पर ढेर हो गई, जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम भी पहली पारी में केवल 132 रन ही बना सकी। इंग्लैंड दूसरी पारी में 164 रन बनाकर 34 .4 ओवर में ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को 205 रनों का लक्ष्य मिला, जो विकेट के मिजाज को देखते हुए चुनौतीपूर्ण माना जा रहा था। लेकिन ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## 83 गेंदों में 123 रनों की विस्फोटक पारी खेली

लक्ष्य का पीछा करते हुए हेड को ओपनिंग पर भेजा गया और उन्होंने 83 गेंदों में 123 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उनकी पारी में 4 छक्के और 16 चौके शामिल रहे। उनके साथ वेदरल्ड ने 23 और लाबुशेन ने 51 रन बनाए। नतीजा—ऑस्ट्रेलिया ने मात्र 28 .2 ओवर में ही टेस्ट जीतकर सीरीज में धमाकेदार शुरुआत की।

# लक्ष्य सेन ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल स्पर्धा का खिताब जीत लिया है। रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी ने जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी युशी तनाका को 21-15, 21-11 से हराया।

लक्ष्य सेन ने इस साल का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल ऑस्ट्रेलियन ओपन के तौर पर जीता। लक्ष्य सेन का ये उनके करियर का तीसरा सुपर 500 खिताब है। वह सितंबर में हांगकांग सुपर 500 टूर्नामेंट में जीत के करीब थे, लेकिन फाइनल में हारकर उपविजेता रहे थे।

38 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 24 वर्षिय लक्ष्य सेन ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने जापान के खिलाड़ी युशी तनाका के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाया। लक्ष्य ने इस फाइनल मैच के पहले सेट को 21-15 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में भी लक्ष्य ने जापान के खिलाड़ी को वापसी का कोई भी मौका नहीं दिया। यह सेट भी 21-11 के अंतर से अपने नाम कर सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 का खिताब जीत लिया। लक्ष्य सेन पिछले काफी समय से अपनी फार्म को लेकर संघर्ष कर रहे थे। वह पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहे थे और पदक नहीं जीत पाए थे। साल 2025 में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं चल रहा था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपने प्रदर्शन में सुधार करते गए। इससे वह हांगकांग ओपन सुपर 500 का खिताब जीतने के काफी करीब पहुंच गए थे।

# मुथुसामी ने गुवाहाटी में ठोका यादगार शतक



**गुवाहाटी।** साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर सेनुरन मुथुसामी भले ही भारत में कम पहचाना नाम रहे हों, लेकिन गुवाहाटी टेस्ट में उन्होंने अपने प्रदर्शन से दुनिया का ध्यान खींच लिया है। मुथुसामी ने पहली पारी में 192 गेंदों पर संघर्षपूर्ण शतक जड़कर भारत के सामने मजबूत चुनौती पेश की। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 7वें नंबर पर उतरकर ये शतक लगाया और जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव की कसी हुई गेंदबाजी के बीच यह पारी और भी खास हो गई। मुथुसामी का यह शतक सिर्फ प्रदर्शन नहीं, बल्कि उनके जीवन संघर्ष की कहानी भी है। भारतीय मूल के इस खिलाड़ी की जड़ें तमिलनाडु के नागापट्टिनम से जुड़ी हैं, हालांकि जन्म दक्षिण अफ्रीका के डरबन में हुआ। पिता उन्हें क्रिकेट में लाए थे, लेकिन जब वे सिर्फ 11 साल के थे तब पिता का निधन हो गया। इसके बाद उनकी मां वाणी मूडली ने अकेले संघर्ष करते हुए बेटे को क्रिकेटर बनाने का फैसला किया। उन्होंने खुद खेल सीखा, मुथुसामी की तकनीक के वीडियो रिकॉर्ड किए और कोचिंग जैसी भूमिका निभाई। पिता का सपना था कि वह साउथ अफ्रीका के लिए खेलें। मुथुसामी ने 2019 में भारत के खिलाफ विशाखापट्टनम में डेब्यू करके यह सपना पूरा किया और अब उसी टीम के खिलाफ पहला टेस्ट शतक भी जड़ दिया है।

## रिकॉर्ड भी बनाए

मुथुसामी भारत में पिछले 15 साल में 7वें नंबर पर शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज हैं। इससे पहले 2019 में क्विंटन डिकॉक ने यह उपलब्धि हासिल की थी। वह भारत में पिछले छह सालों में टेस्ट शतक लगाने वाले पहले साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी भी बने हैं। इससे पहले 2019 में डीन एल्गर ने भारत में शतक लगाया था।

# हॉकी इंडिया ने यौन दुराचार के आरोपों की जांच पूरी की, कोच को दी क्लीन चिट



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने कहा कि जूनियर महिला टीम के एक कोच के खिलाफ कुछ मीडिया रिपोर्टों में लगाए गए यौन दुराचार के आरोपों के बाद आंतरिक जांच कराई गई। हालांकि, महासंघ और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली थी।

हॉकी इंडिया के अनुसार 2013 के पीओएसएच अधिनियम के तहत गठित आंतरिक शिकायत समिति ने टीम के सभी खिलाड़ियों और स्टाफ से अलग-अलग बात की। समिति को किसी भी तरह की गड़बड़ी का कोई सबूत नहीं मिला। खिलाड़ियों ने कोच और सहयोगी स्टाफ पर पूरा भरोसा जताया।

## कोच को विश्व कप यात्रा की अनुमति

जांच में आरोप साबित न होने के बाद कोच को चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर महिला विश्व कप (1 दिसंबर से) के लिए टीम के साथ यात्रा की अनुमति दे दी गई है। हॉकी इंडिया ने कहा कि वह यौन उत्पीड़न के मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर कायम है और खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। महासंघ ने बताया कि एसओपी के तहत महिला सहयोगी स्टाफ की तैनाती अनिवार्य रूप से की गई है, ताकि खिलाड़ियों, विशेषकर नाबालिगों की सुरक्षा में किसी तरह की कमी न रहे।

एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025

# ओमान, फ्रांस और स्विट्जरलैंड पहुंचे चेन्नई

**चेन्नई।** एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 के लिए तमिलनाडु में तैयारियां जोर पर हैं। रविवार को ओमान, फ्रांस और स्विट्जरलैंड के चेन्नई पहुंचने के साथ टूर्नामेंट का उत्साह और बढ़ गया है। 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाला यह संस्करण अब तक का सबसे बड़ा जूनियर विश्व कप है, जिसमें 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ओमान पहली बार जूनियर विश्व कप खेल रहा है, जो देश के हॉकी इतिहास का अहम पड़ाव है। भारत, स्विट्जरलैंड और चिली के साथ पूल बी में शामिल ओमान 28 नवंबर को स्विट्जरलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। कोच मोहम्मद बैत जंदाल ने कहा कि टीम इस प्रतिष्ठित मंच पर अपने अनुभव का पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक है।



## स्विट्जरलैंड का पहला जूनियर विश्व कप


स्विट्जरलैंड भी इस टूर्नामेंट में पहली बार हिस्सा ले रहा है। टीम भारत, ओमान और चिली के साथ पूल बी में है और 28 नवंबर को ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। कोच जेयर लेवी ने भारत में खेलने को ऐतिहासिक अनुभव बताया और कहा कि टीम उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। उन्होंने इसे खिलाड़ियों के लिए सपने जैसा अवसर बताया। तीनों टीमों के आगमन से माहौल उत्साहपूर्ण हो गया है और आगामी दिनों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

## फ्रांस खिताब के इरादे से उतरेगा

हाल के वर्षों में फ्रांस जूनियर स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन करता आया है। टीम 2013 और 2023 में उपविजेता रही, जबकि 2021 में तीसरे स्थान पर रही थी। इस बार उनका लक्ष्य पहली बार खिताब जीतना है। पूल एफ में शामिल फ्रांस 29 नवंबर को कोरिया के खिलाफ अभियान शुरू करेगा। कोच मैथियास डिएरकेन्स ने कहा कि टीम युवाओं से भले बनी हो, लेकिन उनमें शीर्ष टीमों को चुनौती देने की पूरी क्षमता है।

# बॉलीवुड

# 'वाराणसी' में पृथ्वीराज सुकुमारन को मिली सिर्फ इतनी फीस



एस.एस. राजामौली की मेगा फिल्म 'वाराणसी' फिलहाल इंडस्ट्री की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल हो चुकी है। हाल ही में रामोजी फिल्म सिटी में इसका भव्य लॉन्च हुआ, लेकिन टाइटल को लेकर विवाद लगातार बना हुआ है। पहले इसका बजट करीब 1000 करोड़ बताया जा रहा था, जो अब बढ़कर 1300 करोड़ तक पहुंच गया है। इसी के साथ स्टारकास्ट की फीस को लेकर भी खूब चर्चाएं हो रही हैं। फिल्म में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म से सबसे पहले पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक सामने आया था। वहीं, महेश बाबू ने फिल्म के लिए प्रोफिट-शेयरिंग मॉडल पर डील की है। यानी फिल्म की कमाई होने पर ही उन्हें भुगतान मिलेगा। इसके उलट प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी फीस पहले ही ले चुके हैं। अब यह सामने आया है कि पृथ्वीराज को इस बिग-बजट प्रोजेक्ट में कितनी राशि मिली है। पृथ्वीराज सुकुमारन 'वाराणसी' में कुंभा का दमदार किरदार निभा रहे हैं। बेहतरीन अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले पृथ्वीराज आमतौर पर एक फिल्म के लिए 4 से 10 करोड़ रुपये तक फीस लेते हैं, जो उनके रोल की लंबाई और महत्व पर निर्भर करती है। रिपोर्ट्स के अनुसार 'वाराणसी' के लिए उन्हें सिर्फ 10 करोड़ रुपये मिले हैं—जो न सिर्फ प्रियंका चोपड़ा की फीस से कम है, बल्कि फिल्म के हिट होने पर महेश बाबू को मिलने वाली कमाई के सामने कुछ भी नहीं होगा। इससे पहले वह प्रभास की 'सलार' के लिए मात्र 4 करोड़ रुपये चार्ज कर चुके हैं। बावजूद इसके, पृथ्वीराज मलयालम इंडस्ट्री के सबसे सफल और महंगे कलाकारों में गिने जाते हैं। उनकी कुल संपत्ति करीब 54 करोड़ रुपये बताई जाती है। महज 19 साल की उम्र में फिल्म 'नंदनम' से शुरुआत करने वाले पृथ्वीराज के लिए राजामौली की फिल्म का हिस्सा बनना अपने-आप में बड़ी उपलब्धि है। दूसरी तरफ, एस.एस. राजामौली हमेशा से अपनी हाई-बजट फिल्मों और प्रॉफिट-शेयरिंग डील के लिए जाने जाते हैं। वह आमतौर पर हर फिल्म से लगभग 200 करोड़ रुपये कमाते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने खुद भी बड़ी जोखिम वाली रणनीति अपनाई है। 'वाराणसी' बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करेगी, इसके बाद ही असली गणना सामने आएगी।

# तृप्ति डिमरी बनीं प्रभास की हीरोइन



संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म की टीम ने रविवार को मुहूर्त पूजा के साथ शूट का पहला दिन पूरा किया। इस दौरान प्रभास, डायरेक्टर वांगा, प्रोड्यूसर भूषण कुमार और टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा— "शूट प्रारंभ। भारत के सबसे बड़े सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' आज फ्लोर पर चली गई।" मुहूर्त सेरेमनी में साउथ सिनेमा के मेगास्टार चिरंजीवी भी स्पेशल गेस्ट के तौर पर शामिल हुए। यह पहली बार है जब प्रभास और तृप्ति डिमरी एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे।

इस फिल्म में पहले प्रभास के अपोजिट दीपिका पादुकोण को कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें रिप्लेस कर दिया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार दीपिका ने मेकर्स से 8 घंटे की शिफ्ट और फिल्म के प्रॉफिट में हिस्सेदारी की मांग की थी। इसके बाद दीपिका को फिल्म से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह तृप्ति डिमरी को साइन किया गया।

'स्पिरिट' को एक बिग बजट प्रोजेक्ट माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म बनाने में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए जा रहे हैं। यह फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, हालांकि फाइनल रिलीज डेट का ऐलान अभी बाकी है।

# 30 किलो घटाकर बने 'पाखंडी बाबा'

## जयदीप बोले- ये 6 महीने बेहद भारी पड़े



साहित्य आजतक 2025 के अंतिम दिन ओटीटी स्टार और बॉलीवुड एक्टर जयदीप अहलावत ने अपने अभिनय सफर, किरदारों की चुनौतियों और शारीरिक बदलावों पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि किसी भी किरदार में उतरने से पहले उसके भाव और मनोविज्ञान को समझना सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। जयदीप ने कहा कि स्क्रिप्ट पढ़ते समय किरदार की भावना पकड़ में आ जाए, तभी वे प्रोजेक्ट करने का फैसला लेते हैं। जिम्मेदारी ये होती है कि कहानी और किरदार का भाव दर्शकों तक सही तरीके से पहुंचाया जाए। नेटफ्लिक्स फिल्म 'महाराज' के लिए जयदीप ने लगभग 30 किलो वजन घटाया था। यह फिल्म पत्रकार करसनदास मुलजी की ऐतिहासिक कहानी पर आधारित है। फिल्म में आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने मुख्य भूमिका निभाई, जबकि जयदीप ने जादूनाथ, एक पाखंडी बाबा का किरदार निभाया-जो महिलाओं का शोषण करता है।

# गोवा में गूंजी 'चम्बल' की आवाज़, आईएफएफआई में अनहद मिश्रा की फिल्म ने खींचा ध्यान



भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में रविवार को गैर फीचर फिल्म श्रेणी में युवा निर्देशक अनहद मिश्रा की फिल्म 'चम्बल' का प्रदर्शन किया गया। 33 मिनट की इस फिल्म में मुरैना, भिंड, श्योपुर, ग्वालियर और दतिया जिलों तक फैले चम्बल क्षेत्र में बंदूक की सामाजिक संस्कृति, परंपराओं और आधुनिक संवेदनाओं के टकराव को दिखाया गया है। निर्देशक के अनुसार फिल्म चम्बल को अपराध-प्रदेश के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक स्मृति और परंपरा से बने एक जीवित भू-दृश्य के रूप में देखती है, जहाँ बंदूक शक्ति और सम्मान का प्रतीक बनी हुई है। स्थानीय समाज में शस्त्र पूजा, शादियों और राजनीति तक हथियारों की मौजूदगी को फिल्म संवेदनशील तरीके से सामने लाती है। फिल्म में पीढ़ियों पुरानी दुश्मनियों, इज़्ज़त के आग्रह और परंपरागत 'कोड' के समानांतर आधुनिक कानून की उपस्थिति को भी रेखांकित किया गया है। अनहद मिश्रा की सिनेमैटोग्राफी चम्बल की खुरदरी भौगोलिक बनावट और सामाजिक मनोविज्ञान को सजीव रूप में प्रस्तुत करती है। संगीतकार निनाद परब का संगीत और संयमित संपादन फिल्म को विचारोत्तेजक स्वर देता है।

### MP के सागर में भीषण सड़क हादसा

# 4 किशोरों को बस ने कुचला

## चारों की मौके पर मौत

एजेंसी । सागर

मध्य प्रदेश के सागर जिले के रहली थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े चार किशोरों को तेज रफ्तार से आ रही एक निजी बस ने कुचल दिया, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई, एक परिवार का इकलौता बेटा और एक नाबालिग शामिल है। अनंतपुरा गांव में मातम पसरा हुआ है और पूरा पाल समाज सदमे में है।



### भैंसों की तलाश में निकले थे चारों बच्चे

हादसा अनंतपुरा गांव के पास उस समय हुआ, जब चारों किशोर भैंसों की तलाश में निकले थे। वे सड़क किनारे खड़ी एक बाइक के पास खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान सिमरिया से दमोह की ओर जा रही एक निजी बस तेज रफ्तार में आई और सीधे उन पर चढ़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चे कई फीट हवा में उछलकर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही चारों सड़क पर खून से लथपथ गिर चुके थे।

### एक ही परिवार के कई बच्चों की मौत से कोहराम

हादसे में जिन चार किशोरों की जान गई, उनमें शिवम (18) और सत्यम (17) दो सगे भाई थे। वहीं 14 वर्षीय प्रशांत उर्फ प्राशू परिवार का इकलौता बेटा था। चौथा किशोर उमेश (16) दो भाइयों में छोटा था। एक ही परिवार के इतने बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मच गया है। प्रशांत की एक छोटी बहन है, जबकि शिवम और सत्यम की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उमेश के परिजन भी गहरे सदमे में हैं। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर रहली थाना पुलिस पहुंची और बस को जब्त कर लिया। चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रहली अस्पताल भेजा गया है।

### विधायक पहुंचे, मदद का आश्वासन दिया

घटना की जानकारी मिलते ही देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौटकर सीधे घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर सांत्वना दी और कहा कि यह बेहद हृदय विदारक घटना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव आर्थिक सहायता दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जाएगा। मृतकों के चाचा भगवानदास ने कहा,'चारों बच्चे भैंसों की तलाश में निकले थे। वे सड़क किनारे खड़ी बाइक के पास बातचीत कर रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार बस आई और सबको रौंद दिया। हम समझ ही नहीं पाए कि क्या हो गया।'

### पुलिस बल मौके पर मौजूद

रहली थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि 'घटना सुबह करीब 8:00 बजे की है। जब सिमरिया से दमोह जा रही बस से एक ही बाइक पर सवार पाल परिवार के 4 किशोर टकरा गए और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर थाना से पुलिस बल भेजा गया है। मृतकों के शव पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बच्चों की उम्र 12 से 16 साल के बीच बताई जा रही है। फिलहाल प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार बच्चों की बाइक अनियंत्रित होकर बस से टकराने की जानकारी मिल रही है। बस को पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है।'

# पाकिस्तान का झूठ फिर बेनकाब

**फ्रांसीसी नेवी ने खारिज किया ऑपरेशन सिंदूर में राफेल गिराने का दावा**

एजेंसी । नई दिल्ली

पाकिस्तान का झूठा प्रचार एक बार फिर बेनकाब हो गया है। भारत के खिलाफ दुष्प्रचार चलाने के प्रयास में पाकिस्तानी मीडिया ने मनगढ़ंत रिपोर्टें प्रसारित कीं, जिनमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराया। यह दावा पाकिस्तान के Geo TV की एक रिपोर्ट पर आधारित था, जिसमें गलत तरीके से कहा गया कि फ्रेंच नेवी के एक अधिकारी ने इस घटना की पुष्टि की है। Geo TV ने फ्रेंच नेवल एयर बेस लांडिविसियो के कमांडर के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया और उनका नाम भी गलत लिखा। रिपोर्ट में जिस Jacques Launay नामक अधिकारी का उल्लेख किया गया, वैसा कोई अधिकारी फ्रेंच नेवी में है ही नहीं। बाद में स्पष्ट हुआ कि उनका वास्तविक नाम Yvan Launay है और उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया।



### फ्रेंच नेवी ने बताया-रिपोर्ट फेक न्यूज

फ्रांस की नौसेना Marine Nationale ने Geo TV की रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा कर इसे पूरी तरह फर्जी करार दिया। रिपोर्ट में दी गई जानकारी 'बहुत गलत और भ्रामक' है। फ्रेंच नेवी ने यह भी स्पष्ट किया कि कमांडर Yvan Launay ने न तो भारतीय राफेल गिराए जाने का दावा किया था, न उसे मानने की अनुमति दी थी। नेवी के अनुसार, उनसे जब ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ा प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने किसी भी विमान के गिराए जाने या चीनी सिस्टम द्वारा भारतीय राफेल को जैम किए जाने पर टिप्पणी करने से इनकार किया। Geo TV ने उनके पद और जिम्मेदारियों को भी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया।

### हार छुपाने के लिए फैलाया गया झूठ

विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर में मिली भारी सैन्य विफलता को छुपाने के लिए यह झूठ फैलाया। भारत द्वारा पहलगाम हमले के जवाब में की गई इस कार्रवाई में सीमा पार और LoC के पास 100 से अधिक आतंकियों को ढेर किया गया था। भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन के दौरान छह पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को मार गिराने की पुष्टि भी की थी। पाकिस्तान ने अपने नुकसान से ध्यान हटाने और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भ्रम फैलाने के लिए गलत दावे पेश किए, जिन्हें अब फ्रांसीसी नेवी ने भी पूरी तरह खारिज कर दिया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बांग्लादेशी शख्स की गिरफ्तारी पर अवैध धर्मांतरण का खुलासा

**देहरादून।** ऑपरेशन कालनेमि के तहत गिरफ्तार बांग्लादेशी ममून हसन (28) व एक महिला के पास से पुलिस ने फर्जी बांग्लादेशी दस्तावेज मिले; आरोप है कि रीना चौहान का धर्म बदलकर उसे फरजाना अख्तर बनाकर 10 अप्रैल 2022 को बांग्लादेश में निकाह कराया गया। पुलिस को निकाह संबंधी दस्तावेज और अन्य साक्ष्य मिले हैं। जांच में पता चला कि फेसबुक पर हुई मुलाकात के बाद दोनों अवैध रूप से बांग्लादेश गए, निकाह कर वापसी के बाद महिला के पूर्व पति के नाम पर फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाए गए। देहरादून पुलिस बांग्लादेशी एजेंसी से संपर्क कर सभी कड़ियाँ जोड़कर विस्तृत जांच कर रही है।

### IAS नियाज खान का मदनी को जवाब

**नई दिल्ली।** मौलाना अरशद मदनी के बयान पर IAS नियाज खान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। X पर उन्होंने लिखा कि "शिक्षा लेने वाला मुसलमान मेयर-गवर्नर बनता है, जबकि कट्टरता सीखने वाला पीछे रह जाता है। शिक्षा मुस्लिमों के लिए रामबाण है।" नियाज खान ने कहा कि भारत में शिक्षित मुसलमान अपनी पहचान खुद बनाते हैं और मेहनत से हर ऊंचाई पाई जा सकती है। उन्होंने APJ अब्दुल कलाम और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे उदाहरण दिए। मदनी ने में कहा था कि भारत में मुसलमान वाइस-चांसलर भी नहीं बन सकते, जिसके बाद यह बहस तेज हो गई है।

### गाजा में इजराइली हमलों से 24 की मौत

**काहिरा/गाजा।** गाजा तनाव के बीच हमास का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मिस्र के खुफिया अधिकारियों से बातचीत के लिए काहिरा पहुंचा है। दोनों पक्ष अमेरिकी शांति योजना में बदलाव और हालिया हालात पर चर्चा करेंगे। उधर, उत्तरी और मध्य गाजा में इजराइली ड्रोन व मिसाइल हमलों में कम से कम 24 फिलिस्तीनी मारे गए और कई घायल हुए। इजराइल ने कहा कि राफाह में सुरंग में छुपे हमास लड़ाकों को निशाना बनाया गया। हमास ने युद्धविराम उल्लंघन का आरोप लगाया है। इजराइल ने गाजा में पांच स्थानों को निशाना बनाया, जिसमें हमास का एक शीर्ष कमांडर भी मारा गया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्धविराम के बाद से इजराइली हमलों में 310 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।


### झारखंड की हेमंत सरकार 'गजनी मोड' में कर रही है काम : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अंचल कार्यालयों पर लूट का अड्डा होने का आरोप भी लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य की हेमंत सोरोन सरकार की कार्य संस्कृति 'गजनी' फिल्म से प्रभावित दिखती है। सरकार कोई योजना शुरू करती है, फिर भूल जाती है।

### अल-फलाह के पास तलाशी अभियान

# मस्जिद से मिला पांच किलो सफेद पाउडर

**पुलिस ने फॉरेंसिक जांच को भेजा**



एजेंसी । फरीदाबाद

हरियाणा के फरीदाबाद में डबुआ थाना पुलिस द्वारा रविवार को चलाए गए विशेष तलाशी अभियान के दौरान त्यागी मार्केट स्थित एक मस्जिद से लगभग पांच किलो संदिग्ध सफेद पाउडर बरामद होने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने पाउडर से भरे कट्टे को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक लैब भेज दिया है। बरामदगी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है और इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

### ताले लगे कमरे और लॉकरों की भी तलाशी

पुलिस टीम ने मस्जिद परिसर में मौजूद एक बंद कमरे, ताले लगे लॉकर और अलमारी की गहन तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने तक पाउडर की प्रकृति पर कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी।

### चला व्यापक तलाशी अभियान

इसमें मस्जिदों के अलावा अनेक धार्मिक स्थल, साइबर कैफे, होटल और गेस्ट हाउस शामिल थे। किरायेदारों के वेरिफिकेशन दस्तावेज, सेकेंड हैंड वाहनों की खरीद-फरोख्त और संदिग्ध गतिविधियों की भी जांच की गई।

### TMC विधायक पर भड़के इमरान मसूद

# मस्जिद इबादत के लिए है, सियासत के लिए नहीं

**टीएमसी विधायक के 'नई बाबरी मस्जिद' बयान पर सियासी घमासान तेज**

एजेंसी । सहारनपुर

पश्चिम बंगाल में टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा 'नई बाबरी मस्जिद' बनाने की घोषणा के बाद सियासत में नया विवाद खड़ा हो गया है। इस बयान पर सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि मस्जिद इबादत की जगह है, सियासी संदेश देने का माध्यम नहीं। मसूद ने कहा कि वह टीएमसी विधायक के बयान से सहमत नहीं हैं। उनके मुताबिक, "मस्जिद को इबादत के लिए इस्तेमाल करें, सियासत के लिए नहीं। मस्जिद की तारीख या नाम तय करने जैसे बयान नफरत को बढ़ावा देते हैं। जब हम दूसरों पर नफरत फैलाने का आरोप लगाते हैं, तो हमें खुद ऐसे बयानों से बचना चाहिए।"



### योगी सरकार के 'घुसपैठ' बयान पर मसूद का हमला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जिलाधिकारियों को घुसपैठियों के लिए अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाने के निर्देश पर मसूद ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'सरकार बताए कि अब तक कितने घुसपैठियों की पहचान कर डिटेंशन में रखा गया है? सिर्फ जनसांख्यिकी बदलने की बात कहना और डर फैलाना बंद होना चाहिए।

### अरशद मदनी के बयान पर भी दी प्रतिक्रिया

इमरान मसूद ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी के हालिया बयान का समर्थन करते हुए कहा कि मदनी ने बहुत सोच-समझकर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा,'देश की तरक्की सबकी भागीदारी से होती है। किसी भी समुदाय को दबाने की कोशिश दुर्भाग्यपूर्ण है।' मदनी ने हाल में कहा था कि दुनिया यह मानती है कि मुसलमान कमजोर हो गए हैं, लेकिन उनका मानना है कि भारत में मुसलमानों के लिए शीर्ष पदों तक पहुंचना अभी भी बेहद मुश्किल है।

### NCB की बड़ी कार्रवाई

# दिल्ली फार्महाउस में 200 करोड़ की ड्रग बरामद



एजेंसी । नई दिल्ली

**नोएडा का सेल्स मैनेजर निकला इंटरनेशनल रैकेट का मास्टरमाइंड**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) ने दिल्ली में एक फार्महाउस पर छापेमारी करते हुए 200 करोड़ रुपये से अधिक की मेथाम्फेटामिन ड्रग बरामद की। यह कार्रवाई तीन दिनों तक चले ऑपरेशन का हिस्सा थी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है। NCB ने इस मामले में 25 वर्षीय शेन वारिस को गिरफ्तार किया है। मूल रूप से यूपी के अमरोहा निवासी शेन नोएडा सेक्टर-5 के हरौला इलाके में किराए पर रहता था और एक कंपनी में सेल्स मैनेजर के रूप में काम करता था। जांच में पता चला कि शेन फर्जी सिम कार्ड और एन्क्रिप्टेड चैट ऐप्स-व्हाट्सऐप और जांगी के जरिए गिरोह को ऑपरेट कर रहा था, ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस न हो सके।

### छतरपुर से 328 किलो मेथाम्फेटामिन बरामद

शेन की जानकारी पर NCB ने 20 नवंबर को छतरपुर एन्क्लेव फेज-2 में रेड की। यहां से 328 .54 किलो मेथाम्फेटामिन बरामद किया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 200 से 262 करोड़ रुपये तक आंकी जाती है। ड्रग्स नागालैंड की रहने वाली एस्थर किनिमी के फ्लैट से मिलीं, जिसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### विदेशी ऑपरेटिव्स से जुड़े बड़े लिंक

जांच में सामने आया है कि यह पूरा रैकेट विदेशी ड्रग ऑपरेटर्स के निर्देश पर चलता था। शेन इन्हीं 'बॉस' के आदेशों पर काम करता था और भारत में डिलीवरी चैनल और स्टोरेज नेटवर्क संभाल रहा था। NCB अब सप्लायर, फाइनेंशियल चैनल, स्टोरेज लोकेशन और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शनों की गहराई से जांच कर रही है। NCB ने कहा है कि मामला अभी शुरुआती चरण में है।

### नेपाल के निजी विद्यालयों में अंग्रेजी भाषा अनिवार्य करने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक


**काठमांडू।** निजी विद्यालय परिसर में नेपाली भाषा बोलने पर छात्रों को दंड देने की प्रथा को रोकने के लिए सर्वोच्च अदालत ने आदेश जारी किया है। सर्वोच्च अदालत ने शिक्षा मंत्रालय और निजी विद्यालय तथा सम्बद्ध पक्षों को दिए आदेश में कहा है कि निजी तथा आवासीय विद्यालयों में अनिवार्य रूप से केवल अंग्रेज़ी बोलने की व्यवस्था समाप्त की जाए। नेपाली भाषा बोलने पर छात्रों को मानसिक तनाव या अपमानित करने जैसे कृत्य न किए जाएं। विद्यार्थी आयुष बडाल की ओर से दायर रिट पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश टेकप्रसाद ढुँगाना और शान्ति सिंह थापा की संयुक्त पीठ ने यह आदेश दिया है।



# नामांश को रूसी सेना ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी । दुबई

दुबई एयर शो 2025 के दौरान शहीद हुए भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर नमांश स्याल को हर कोई श्रद्धांजलि दे रहा है। भले ही नमांश अब हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन लोगों के दिलों वो हमेशा जिंदा रहेंगे। उनकी वीरता और समर्पण को पूरे देश सलाम कर रहा है। इस बीच एयर शो के आखिरी दिन रूस की मशहूर Russian Knights एरोबेटिक टीम ने नमांश सयाल को भावुक श्रद्धांजलि दी। रूसी टीम के Su-35 लड़ाकू विमान रेगिस्तान के ऊपर सूर्यास्त के बीच शानदार करतब करते दिखे।



### नामांश स्याल को श्रद्धांजलि

इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को भारतीय वायुसेना के C-130 विमान से दुबई से भारत लाया गया। विमान दक्षिणी वायु कमान के बेस पर उतरा, जहां उनके लिए एक औपचारिक सैन्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वायुसेना के अधिकारी और सैनिकों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दुबई में यूएई सेना ने श्रद्धांजलि दी

नमांश के पार्थिव शरीर के भारत रवाना होने से पहले दुबई में यूएई सेना ने श्रद्धांजलि दी है। इंडियन एयरफोर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा है और ट्रिब्यूट देते एक वीडियो भी शेयर किया गया है।

### पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार

बाद एयरफोर्स के स्पेशल विमान से उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव रवाना कर दिया गया ।दोपहर करीब एक बजे उनकी पार्थिव देह कांगड़ा हवाई अड्डे पर लाई गई। इस दौरान उनके माता-पिता, पत्नी व बेटी भी साथ थे। यहां से पार्थिव देह को उनके पैतृक गांव पटियालकड़ ले जाया गया। यहां मोक्षधाम में सैन्य सम्मान के साथ नामांश स्याल का अंतिम संस्कार किया गया।

### नेपाल प्रीमियर लीग में सट्टेबाजी, 8 भारतीय नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी । काठमांडू

नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) में सट्टेबाज़ी में संलिप्त पाए गए आठ भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। काठमांडू क्राइम ब्रांच ने राजधानी के बल्खु क्षेत्र से इन आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार करके आगे की जांच शुरू की है। क्राइम ब्रांच के एसपी पवन भट्टराई के अनुसार ये लोग ऑनलाइन बेटिंग साइटों के माध्यम से मैच के हार-जीत पर धन लगाकर सट्टेबाज़ी गतिविधियों में संलग्न थे, जिसके आधार पर उन्हें हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान भारत के आंध्र प्रदेश स्थित प्रकाशम जिले के 31 वर्षीय राजा यदुला, 35 वर्षीय महेश बाबू, 30 वर्षीय पंडित श्रीनिवासुलु, 20 वर्षीय शेख सोयब, 30 वर्षीय नभिन मड्डेला, 32 वर्षीय महमद रफी शेख, 19 वर्षीय साई कुमार तम्मिसेट्टी और 28 वर्षीय शेख चंद बसल के रूप में की गई है। एसपी भट्टराई ने बताया कि उनके पास से 15 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। सट्टेबाज़ी संचालन से संबंधित अपराध के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी खिलाड़ियों को मैच फिक्सिंग के लिए उकसाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# चुनाव में गड़बड़ी हुई, लेकिन सबूत नहीं हैं : प्रशांत किशोर

एजेंसी । नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज की करारी हार के बाद पार्टी संस्थापक और चुनाव रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर (PK) ने पहली बार बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में 'रिगिंग' या गड़बड़ी की आशंका है, हालांकि अभी उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं है। किशोर ने परिणामों को 'जमीन की वास्तविकता से बिल्कुल उलट' बताया। PK ने कहा कि कई महीनों तक चली जन सुराज यात्रा के दौरान जनता में जबरदस्त समर्थन दिखा, लेकिन उसका असर परिणामों में बिल्कुल नहीं दिखा। उनके मुताबिक वोटिंग पैटर्न और जमीनी हकीकत का कोई मेल नहीं बैठता। किशोर ने दावा किया कि कई सीटों पर ऐसे परिणाम आए, जिनका 'कोई तार्किक आधार नहीं दिखता।' उन्होंने कहा, 'ऐसी पार्टियों को लाखों वोट मिले जिन्हें लोग जानते तक नहीं थे। कुछ लोग कह रहे हैं कि EVM में छेड़छाड़ हुई, लेकिन मेरे पास सबूत नहीं है। फिर भी कई चीजें जोड़ नहीं खातीं।'

**नतीजे ग्राउंड फीडबैक से मेल नहीं खाते**

### महिलाओं को 10,000 रुपये देने का बड़ा आरोप

PK ने आरोप लगाया कि NDA ने हजारों महिलाओं को 10,000 रुपये नकद दिए, और यह प्रक्रिया मतदान तक जारी रही। उनका कहना है कि महिलाओं से कहा गया था कि कुल 2 लाख रुपये मिलेंगे-पहली किस्त 10,000 तुरंत और बाकी सरकार बनने के बाद। किशोर के अनुसार अंतिम चरण तक लोगों को लगा कि जन सुराज जीत की स्थिति में नहीं है, जिससे 'जंगल राज लौटने' का डर पैदा हुआ।



### कहानी खत्म नहीं हुई है

कई विश्लेषकों द्वारा उनकी राजनीतिक यात्रा खत्म घोषित किए जाने पर PK ने कहा कि आलोचक पहले तालियां बजाते थे, अब आलोचना कर रहे हैं-'अगर मैं सफल हुआ, तो वही लोग फिर तालियां बजाएंगे। कहानी अब भी बाकी है।' बिहार की 243 सीटों में से 238 पर उम्मीदवार उतारने के बावजूद जन सुराज एक भी सीट नहीं जीत सकी।